RNI NO PUNBIL/2014/59416 UTURNTIME.COM

# यूटर्न टाइम

The Good, Bad and Ugly of India

FOLLOW US ON @UTURNTIMENEWS

FORTUNE TMT
PANORA 2026
THE PROPERTY FEST

Date
10-11th April, 2026
Time
10 am to 8:00 pm
Venue
Nirvana Luxury Hotel, Ludhiana

VOL: 11 | ISSUE 73 | FRIDAY 27-03-2026 | RS-03 | PAGE-12 | PUBLISHED BY: LUDHIANA | HINDI DAILY NEWSPAPER Visit at : www.uturntime.com

# हॉस्पिटल करें धक्के शाही तो सिविल सर्जन साहित उच्च अधिकारियों से करें शिकायत, मामला जबरन फार्मेसी से दवाइयां खरीदने का

अशोक सहगल

लुधियाना यूटर्न 26 मार्च। निजी और कॉरपोरेट अस्पताल के अलावा नर्सिंग होम और निजी क्लिनिको में मरीज को जबरन दवाइयां खरीदने के लिए मजबूर करना गैरकानूनी है अगर कोई अस्पताल ऐसा करता है तो मरीज अथवा उसके परिजन निसंकोच सिविल सर्जन से शिकायत कर सकते हैं अगर अस्पताल में भरती रहते हुए हैं वह कुछ ना कर पाये तो बाद में शिकायत की जा सकती है इसके अलावा कंज्यूमर कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जा सकता है कानूनी महीना के अनुसार अक्सर लोग उपचार के दौरान ऐसी धक्के शाही का शिकार होते हैं और मजबूरी वश कुछ बोल नहीं पाते परंतु बाद में इस मुद्दे को उठाया जा सकता है दूसरी और स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों का कहना है कि इन सिलसिले में सिविल सर्जन को भी शिकायत की जा सकती है इसके बाद सिविल सर्जन द्वारा उक्त मामले में मेडिकल बोर्ड गठित कर जांच कराई जा सकती है इस सिलसिले में सिविल सर्जन डॉक्टर रमनजीत कौर से उनकी टिप्पणी के लिए संपर्क नहीं हुआ परंतु उच्च अधिकारियों को कहना है कि शिकायत की कॉपी स्वास्थ्य विभाग के निर्देशक सहित स्वास्थ्य मंत्री को भी भेजी जा सकती है।



## डेंगू ज्वर की महामारी के दौरान भी अस्पताल करते हैं लुट

पिछले कई वर्षों में यह देखने मैं आया है कि डेंगू ज्वर की महामारी के दौरान भी अस्पताल मरीज से डेंगू के उपचार के लिए मनमाने दाम वसूलते हैं हालांकि सरकार द्वारा डेंगू ज्वर के बुखार के उपचार के लिए दाम तय किए जाते हैं बावजूद इसके हॉस्पिटल में रिजर्वेशन से अलग-अलग दाम वसूलते हैं जो निर्धारित दामों से काफी अधिक होते हैं इसी तरह प्लेटलेट के दामों में भी भारी अंतर पाया जाता है अगर सिविल अस्पताल एसडीपी प्लेटलेट 7000 में देता है तो निजी अस्पताल 12000 में उसे मरीज को देते हैं जबकि कॉपोर्रेट अस्पताल 16000 रुपए तक वसूल कर लेते हैं कीमतों में यह फर्क रूटीन में देखने में भी सामने आता है कोई भी अस्पताल उपचार के पैकेज डिस्प्ले नहीं करता मरीज की हैसियत देखकर उसे आर्थिक चपेड मारी जाती है लोगों का कहना है कि यह मरीज के साथ जमकर खिलवाड़ किया जाता है उसे जान जाने का डर दिखा कर उससे अधिक पैसे वसूले जाते हैं।

## अधिक वसूली पर अस्पताल के विरुद्ध हो धोखाधड़ी का मामला

अगर कोई अस्पताल निर्धारित दामों से अधिक दाम मरीज से वसूलता है तो उसके विरुद्ध धोखाधड़ी का मामला दर्ज होना चाहिए स्वास्थ्य विभाग को यह भी देखना चाहिए कि पैकेज के दामों में एक अस्पताल से दूसरे अस्पताल के दामों में हजारों का फर्क क्यों सामने आ रहा है और जनहित में उसकी जांच होनी चाहिए सरकार को भी स्वास्थ्य विभाग वैसे निर्देश जारी करने चाहिए ताकि मरीजों को राहत मिल सके।

## दवाइयो के दामों में फर्क पर हो अस्पतालों पर कार्रवाई

अगर कोई अस्पताल एक दवा जिसकी बाजार में कीमत काफी कम है अधितकमों पर भेजता है तो उसके ऊपर मरीज को धोखे में रखकर अधिक पैसे लेने का मामला दर्ज किया जाना चाहिए और मरीज से लिए गए अधिक दामों को उसे वापस करना चाहिए और अस्पताल को ब्लैक लिस्ट में शामिल कर देना चाहिए गोवर्धन लैब है कि ऐसा उपभोक्ता बदलते करती आ रही हैं परंतु स्वास्थ्य विभाग की तरफ से ऐसी कोई कार्रवाई नहीं की जाती जिससे लोगों को राहत मिल सके इस पर लोगों का कहना है कि सरकार अक्सर ऐसे मामलों में उदासीन रहती हैं जबकि दूसरी ओर सरकारी अस्पतालों पर लोग आश्रित नहीं हो सकते क्योंकि अभी तक सरकारी अस्पतालों को कॉरपोरेटर अस्पतालों के बराबर बनाना सिर्फ घोषणाओं तक ही सीमित है।

## हर अस्पताल अपने पैकेज के दाम डिस्प्ले करें

आज कार्यालय में आए कई फोन कॉल के दौरान लोगों ने अपना मत प्रकट करते हुए कहा कि सरकार द्वारा सारी हुई अस्पतालों को उनके निर्धारित पैकेज के दाम डिस्प्ले करने चाहिए क्योंकि मरीज का उपचार करने के समय दम कुछ और होते हैं और बाद में से मरीज की हालत में कॉम्प्लिकेशन दिखाकर पैकेज के दाम बढ़ा दिए जाते हैं ऐसे ही दाम किसी भी महामारी के दौरान अस्पताल को अवश्य डिस्प्ले करने चाहिए।




## एंजियोग्राफी, हार्ट सर्जरी के रेट भी हो फिक्स

साधारण अस्पतालों की तरह हर हार्ट सेंटर में एंजियोग्राफी हार्ट सर्जरी और दूसरे प्रोसीजर्स के लिए भी दाम फिक्स हो जाने चाहिए मरीज को अपने उपचार के दौरान इतना सजग होना चाहिए कि एंजियोग्राफी के बाद अगर उसे हार्ट सर्जरी या स्टंट डालने के लिए कहा जाए तो वह सेकंड ऑपिनियन ले सके इसके लिए मरीज को एंजियोग्राफी की सीडी प्रदान करना अनिवार्य हो बहुत से मामलों में देखा जाता है कि अस्पताल मरीज को एंजियोग्राफी की सीडी नहीं देते और उसे पर स्टैंड डलवाने अथवा हार्ट सर्जरी के लिए दबाव बनाया जाता है दिल्ली के एक प्रसिद्ध हार्ट सेंटर के प्रमुख ने बताया कि उनके पास ऐसे कई मामले आते हैं जहां स्टैंड डालने की जरूरत नहीं होती वहां स्टंट डाला होता है और जहां हार्ट सर्जरी की जरूरत नहीं होती वहां हार्ट सर्जरी की गई होती है कानूनी माहिरो का कहना है कि देश में मेडिकल माफिया को बेनकाब किए जाने की जरूरत है

**दवाइयां की गुणवत्ता की ड्रग विभाग करें रूटीन में जांच...**अस्पतालों में बिकने वाली दवाइयां की गुणवत्ता की जांच रूटीन में की जानी चाहिए ऐसे में ड्रग विभाग को चाहिए कि वह रूटीन में अस्पतालों से दवाइयां की गुणवत्ता की जांच के लिए सैंपल एकत्रित करें और उन्हें जांच के लिए लैब में भेजें इसके अलावा ड्रग विभाग लोगों की शिकायतों पर भी गौर करें और उसे पर कार्रवाई करें।

Uturn Time 27 Mar 2026_Layout 2 26-03-2026 22:27 Page 2






## गुस्ताखी माफ



सिर-माथे धारण करें, जो कहते मां-बाप।
जिस खूंटे से बांध दें, बंध जायें चुपचाप।
बंध जायें चुपचाप, करें ना आनाकानी।
खूंटा कोई भले, घास ही तो है खानी।
कह साहिल कविराय, बतायें अब क्या कारण।
जो कहते मां-बाप, करें सिर-माथे धारण।

- डॉ. राजेन्द्र साहिल

# लुधियाना में बिल्डिंग इंस्पेक्टरों का कुछ इमारतों से खास लगाव? चार्ज छोड़ते ही प्रमुख फाइलें ले जाते हैं साथ!

## जोन-ए की महिला इंस्पेक्टर कशिश के इंस्पेक्टर मक्कड़ पर गंभीर आरोप, मगर खुद भी एक महीना बहाने बना निकाला

राजदीप सिंह सैनी

लुधियाना/यूटर्न/26 मार्च। लुधियाना नगर निगम में आए दिन कोई न कोई अनोखे कार्य देखने को मिलते हैं। यह कार्य ऐसे होते हैं, जिसे सुनकर एक बार आम व्यक्ति भी हैरान हो जाता है कि क्या ऐसे भी हो सकता है। अब नया कारनामा बिल्डिंग ब्रांच के कुछ इंस्पेक्टरों का सामने आया है। जिनका इलाके में बनी कुछ इमारतों से इतना लगाव हो जाता है कि चार्ज छोड़ने के बाद वह उन इमारतों की फाइलें ही अपने साथ ले जाते हैं। यह हम नहीं बल्कि निगम अधिकारी खुद कह रहे हैं। ऐसे मानों जैसे उन्हें उक्त इमारतों की फाइल साथ रखे बिना नींद ही नहीं आती। उनका इन फाइलों के साथ आखिर इतना लगाव क्यों हैं, यह शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है। चर्चा है कि शायद अधिकारी अपना काम इतनी ईमानदारी से करते हैं, कि उन्हें लगता है कि उनके जाने के बाद दूसरा अधिकारी उसे गलत न कर डालें। लेकिन यहां यह बताना जरुरी है कि इन फाइलों में कुछ फाइलें अवैध निमार्णों की भी शामिल हैं। ताजा मामला नगर निगम जोन-ए के वॉर्ड 90 अधीन आती पुरानी कोतवाली एरिया में बनी बेसमेंट समेत छह मंजिला पीएस मोबाइल स्पेयर पॉट्स शॉप का सामने आया है। जहां पर बिल्डिंग ब्रांच के इंस्पेक्टर हरविंदर सिंह मक्कड़ पर वहीं की महिला इंस्पेक्टर कशिश गर्ग द्वारा फाइलें साथ ले जाने और दो साल से पूरा चार्ज न देने के आरोप लगाए गए। इंस्पेक्टर कशिश ने इंस्पेक्टर पकड़ पर आरोप तो लगा दिए, लेकिन खुद भी कार्रवाई की जगह एक महीना बहाने बनाकर निकाल दिया। आखिर वह लंबी छुट्टी चले गई।



पुरानी कोतवाली एरिया में बनी अवैध इमारत




### शायद फाइल में हेरफेर का रहता है डर

चर्चा है कि कुछ अफसरों द्वारा काफी ईमानदारी के साथ काम किया जाता है। उनकी और से इतनी ईमानदारी के साथ लीगल तौर पर ईमारतें बनवाई जाती है कि उन्हें डर रहता है कि उनकी ट्रांसफर होने के बाद दूसरा अधिकारी आकर फाइलों में हेरफेर न कर डाले। जिससे शहर का नक्शा खराब हो सकता है। शायद इसी डर से वह फाइलें अपने साथ ले जाते हैं या चार्ज लेने वाले नए अफसर को सौंपते ही नहीं है।



### कई बार कहने पर भी इंस्पेक्टर मक्कड़ ने नहीं दिया रिकॉर्ड- कशिश

इंस्पेक्टर कशिश गर्ग मुताबिक उनसे पहले इंस्पेक्टर हरविंदर सिंह मक्कड़ के पास वॉर्ड 90 का चार्ज था। जब उन्होंने चार्ज संभाला तो इंस्पेक्टर मक्कड़ द्वारा रिकॉर्ड उनके हवाले नहीं किया गया। वह डेढ़ साल उन्हें रिकॉर्ड देने के लिए कहती रहीं, मगर उन्होंने रिकॉर्ड नहीं दिया। उन्होंने पूर्व एटीपी गुरविंदर पाल सिंह लक्की को भी शिकायत की, तो उन्होंने इंस्पेक्टर मक्कड़ को शोकॉज नोटिस निकाला। मगर आगे से उन्होंने सेवादार को लगातर रिकॉर्ड ढूंढने को कह दिया गया। सेवादारों द्वारा रिकॉर्ड होने से साफ इंकार कर दिया गया। रिकॉर्ड न होने के कारण उन्हें पता ही नहीं कि कौन सी बिल्डिंग इललीगल है, कौन सी नहीं। इंस्पेक्टर कशिश मुताबिक अगर किसी अफसर ने चार्ज छोड़ना होता है तो उसकी जिम्मेदारी होती है कि नए इंस्पेक्टर को रिकॉर्ड दें और सभी चालान चढ़ाकर सौपें। मगर इंस्पेक्टर मक्कड़ ने ऐसा कुछ नहीं किया।

### लापरवाही करने पर अधिकारी पर होगा एक्शन, कटेगी सैलरी ?

इंस्पेक्टर कशिश गर्ग के कहने के मुताबिक बेशक यह इमारत पुराने इंस्पेक्टर के कार्यकाल में बनी हो, लेकिन मौजूदा अधिकारी होने के बावजूद उन्होंने भी अपनी ड्यूटी समझते हुए कार्रवाई नहीं की। उन्हें 24 फरवरी को बिल्डिंग की शिकायत मिल गई थी। तब एटीपी गुरविंदर पाल सिंह लक्की थे। उन्होंने बकायदा मौके पर सेवादार भेजा। बिल्डिंग मालिक को दस्तावेज पेश करने का नोटिस दिया। जब मालिक आए तो उनसे मिलने की जरुरत नहीं समझी। जिसके बाद उन्होंने खुद इमारत को इललीगल माना और सील करने संबंधी कहा भी। मगर फिर भी अपनी ड्यूटी नहीं निभाई। एक महीना बहाने बनाने के बाद आखिर वह छुट्टी पर चली गईं। वहीं अगर एटीपी व इंस्पेक्टर कार्रवाई करना चाहते, तो दस्तावेज चैक करके नया चालान डालकर बिल्डिंग सील कर सकते थे। इससे पता चलता है कि अधिकारी खुद अपना काम ईमानदारी से नहीं कर रहे। अब देखना होगा कि उच्च अधिकारी उनकी लापरवाही पर विभागीय कार्रवाई करते है और सैलरी काटते है या नहीं।

### अफसरों की मिलीभगत, नुकसान सरकारी खजाने का

इंस्पेक्टर कशिश गर्ग और इंस्पेक्टर हरविंदर मक्कड़ द्वारा एक दूसरे पर आरोप तो लगाए जा रहे हैं। लेकिन अब यह कह पाना मुश्किल हैं कि दोनों में से सही कौन है। अगर मक्कड़ फाइलें साथ ले गए, तो भी गलत है। अगर फाइलें ले भी गए तो मौजूदा अधिकारी होने के बावजूद कशिश द्वारा एक्शन नहीं लिया गया, यह भी गलत है। मगर अफसरों की अवैध बिल्डिंग मालिकों के साथ मिलीभगत के चलते वह इसी तरह निगम हाउस लीडर्स से लेकर उच्च अधिकारियों तक सभी को बहाने बनाकर उलझाते हैं। जिससे कुल मिलाकर नुकसान निगम, सरकारी खजाने और शहर के नक्शे का हो रहा है।

### हमारी अफसरों से सेटिंग, नहीं होगा एक्शन

वहीं, बिल्डिंग खिलाफ खबरें प्रकाशित होने के बाद कई तरह की बातें निकलकर सामने आ रही हैं। चर्चा है कि बिल्डिंग मालिक का कहना है कि उनकी अफसरों के साथ अच्छी सेटिंग है, जिसके चलते उनके खिलाफ एक्शन नहीं हो सकता। अब यह बात कितनी सही है, यह आने वाला समय ही बताएगा।

### भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे अधिकारी को मिल सकता चार्ज




वहीं, कुछ दिन पहले इंस्पेक्टर कशिश गर्ग छुट्टी लंबी छुट्टी पर चली गई हैं। जिसके चलते कयास लगाए जा रहे हैं कि अब वॉर्ड 90 का चार्ज अक्सर भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरे अधिकारी को मिल सकता है। इस संबंधी एक राजनेता से बात की गई तो उनका कहना था कि अब क्या करें और अधिकारी है ही नहीं।

### बिल्डिंग का बचाव करने को दूसरों पर गाज न गिराए अधिकारी



इंस्पेक्टर हरविंदर सिंह मक्कड़ अनुसार मेरे पास वॉर्ड 90 का चार्ज डेढ़ साल पहले था, चार्ज छोड़ते इंस्पेक्टर कशिश को पूरा रिकॉर्ड दिया था। पहले कभी भी उन्होंने रिकॉर्ड संबंधी नहीं कहा। उनके कहने मुताबिक एक प्रसेंट मैं रिकॉर्ड ले गया तो वह नया चालान डालकर बिल्डिंग सील कर सकती थी। अफसरों को बचाव के लिए बहाने लगाने की जगह कार्रवाई पर ध्यान देना चाहिए। मेरे से पहले दूसरे इंस्पेक्टर के पास चार्ज था, अब क्या मैं अपना बचाव करने को झूठ में उन पर गाज गिराकर बदनाम कर दूं। मुझे एक दिन पहले चार्ज मिला। कशिश मैडम खुद छुट्टी गई, तो मुझे कौन सा रिकॉर्ड देकर गई हैं। इंस्पेक्टर मक्कड़ अनुसार बिल्डिंग का मामला मेरे ध्यान में आया है। मालिक को बुलाकर दस्तावेज चैक कर बिल्डिंग किस इंस्पेक्टर के समय बनी, उसका पूछा जाएगा। बिल्डिंग गलत पाई गई तो सील की जाएगी।

# नई एक्साइज पॉलिसी लागू: चंडीगढ़ में शराब की बिक्री का दायरा बढ़ा



चंडीगढ़/यूटर्न/26 मार्च। शहर में नई एक्साइज पॉलिसी को मंजूरी मिलने के बाद अब शराब खरीदना पहले के मुकाबले आसान हो गया है। नई व्यवस्था के तहत मॉल, मार्केट और पेट्रोल पंप पर स्थित डिपार्टमेंटल स्टोर्स में भी लाइसेंस लेकर शराब की बिक्री की अनुमति दी गई है। छ-2ऊलाइसेंस के जरिए स्वीकृत वाणिज्यिक क्षेत्रों में कम से कम 300 वर्ग फुट क्षेत्र में वाइन और बीयर बेची जा सकेगी, जबकि L-10B लाइसेंस (30 लाख रुपये फीस) के तहत बड़े डिपार्टमेंटल स्टोर विदेशी शराब, वाइन और बीयर बेच सकेंगे। इसके साथ ही दुकानों पर डिजिटल पेमेंट अनिवार्य किया गया है और सफाई व्यवस्था बनाए रखना जरूरी होगा, अन्यथा जुमार्ना लगेगा। बार, होटल और रेस्टोरेंट में अल्कोमीटर रखना भी अनिवार्य किया गया है। निगरानी को मजबूत करने के लिए शराब ढोने वाले वाहनों में GPS ट्रैकिंग, बोतलों पर बारकोड और सिक्योरिटी लेबल, तथा दुकानों और प्लांट में 24 घंटे CCTV कैमरे अनिवार्य किए गए हैं। इसके अलावा उत्पादन पर नजर रखने के लिए फैक्ट्रियों में फ्लो मीटर लगाया जाएगा और अन्य राज्यों से आने वाली शराब पर कोटा तय किया गया है। प्रशासन ने 97 लाइसेंस जारी कर करीब 454 करोड़ रुपये राजस्व जुटाने का लक्ष्य रखा है।



पेज 06 श्री गीता मंदिर विकास नगर में नतमस्तक हुए स्वामी...

# पंजाब के सिंगर को साउथ में मिला फिल्म फेयर अवॉर्ड: कन्नड़ फिल्म कृष्णम प्रणय सखी में गाया सुपरहिट गाना


लुधियाना/यूटर्न/26 मार्च। लुधियाना के लिए यह बेहद गर्व का क्षण है कि शहर के युवा गायक जसकरण सिंह ने अपनी मेहनत और प्रतिभा के दम पर राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। मात्र 26 वर्ष की उम्र में उन्होंने 70वें फिल्मफेयर अवॉर्ड साउथ में बेस्ट प्लेबैक सिंगर (मेल) कन्नड़ का प्रतिष्ठित पुरस्कार जीतकर पंजाब का नाम रोशन किया है। उन्हें यह सम्मान कन्नड़ फिल्म 'कृष्णम प्रणय सखी' के लोकप्रिय गीत 'द्वापरा' के लिए मिला, जो उनके करियर का अब तक का सबसे बड़ा मुकाम माना जा रहा है।

जसकरण का सफर संघर्षों से भरा रहा है। करीब आठ साल पहले उन्होंने तमिल सिंगिंग रियलिटी शो में टॉप-4 में जगह बनाकर अपनी शुरूआत की थी। इसके बाद उन्होंने लगातार तमिल, तेलुगु और कन्नड़ संगीत इंडस्ट्री में मेहनत जारी रखी। भाषा की बाधाओं को उन्होंने कभी अपने रास्ते में नहीं आने दिया और अपनी उच्चारण क्षमता से दक्षिण भारतीय दर्शकों का दिल जीत लिया। इस सफलता का श्रेय वह अपने परिवार, गुरुओं और मेंटर्स को देते हैं। उनका मानना है कि संगीत की कोई भाषा नहीं होती, यह सिर्फ दिलों को जोड़ने का माध्यम है।




# भारत के पास 60 दिनों का ईंधन स्टॉक है; फिर भी आपूर्ति की कोई कमी नहीं: सरकार

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मार्च। सरकार ने एक नया आदेश जारी किया है, जिसके तहत यह अनिवार्य कर दिया गया है कि जिन घरों में 'पाइप्ड नेचुरल गैस' की कनेक्टिविटी उपलब्ध है, लेकिन उपभोक्ता उस पर स्विच नहीं करते, तो उनके लिए खाना पकाने वाली गैस (एलपीजी) की आपूर्ति बंद कर दी जाएगी। इस आदेश का मकसद गैस नेटवर्क का विस्तार तेजी से करना और किसी एक ही तरह के ईंधन पर निर्भरता कम करना है। केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (CCPA) ने बुधवार (25 मार्च, 2026) को होटलों और रेस्टोरेंट को निर्देश दिया कि वे उपभोक्ताओं से 'एलपीजी शुल्क' या 'ईंधन लागत वसूली' जैसे अतिरिक्त शुल्क न वसूलें। प्राधिकरण ने कहा कि ऐसा करना 'अनुचित व्यापार प्रथा' माना जाएगा और इसका उल्लंघन करने पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।



**सरकार ने कहा, कोई कमी नहीं...** सरकार ने कहा कि देश में पेट्रोल, डीजल या एलपीजी की कोई कमी नहीं है। सरकार ने नागरिकों से अपील की कि वे सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों पर यकीन न करें और घबराकर जरूरत से ज्यादा खरीदारी (पैनिक बाइंग) न करें। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि सभी रिफाइनरियां अपनी पूरी क्षमता से काम कर रही हैं और उनके पास कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार मौजूद है। साथ ही, पेट्रोल और डीजल का भी पर्याप्त स्टॉक बनाए रखा जा रहा है और पूरे देश में पेट्रोल पंप (रिटेल आउटलेट) सामान्य रूप से काम कर रहे हैं।

**तेल कंपनियों ने आपूर्ति की सुनिश्चित...** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय (MoPNG) ने गुरुवार (26 मार्च, 2026) को एक बार फिर दोहराया कि कच्चे तेल की आपूर्ति में किसी भी तरह की कोई कमी नहीं है। मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारत की तेल कंपनियों ने अगले 60 दिनों के लिए कच्चे तेल की आपूर्ति पहले ही सुनिश्चित कर ली है। सरकार के बयान में कहा गया है, स्वैश्विक स्तर पर चाहे कुछ भी हो जाए, भारत के हर नागरिक के लिए लगभग दो महीने की निर्बाध आपूर्ति उपलब्ध है।

# हरियाणा सरकार ने 21 आईएएस, 42 एचसीएस अधिकारियों का तबादला किया

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मार्च। हरियाणा सरकार ने राज्य में 21 आईएएस और 42 एचसीएस अधिकारियों के तबादले के आदेश जारी किए हैं। अब से, उद्योग और वाणिज्य विभाग के कमिश्नर और सचिव अमित कुमार अग्रवाल, अपने मौजूदा कामों के अलावा, कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के सदस्य सचिव भी होंगे। गीता भारती हिसार मंडल की नई कमिश्नर हैं, जबकि रवि प्रकाश गुप्ता शहरी संपदा विभाग के सचिव और गुरुग्राम मंडल के कमिश्नर का कार्यभार संभालेंगे। नरहरि सिंह बांगर उडठ्रऋउ के नए टऊ हैं, जबकि सत्येंद्र दुहान कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण के नए निदेशक और कौशल विकास और औद्योगिक प्रशिक्षण के अतिरिक्त सचिव होंगे। सतबीर सिंह अग्निशमन सेवाओं के नए निदेशक और आयुष्मान भारत के उएड हैं, जबकि वंदना दिसोदिया गृह-कऔर गृह-क्क्की अतिरिक्त सचिव हैं, और साथ ही हरियाणा अनुसूचित जाति वित्त और विकास निगम की प्रबंध निदेशक भी हैं। जयदीप कुमार जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी के नए अतिरिक्त सचिव हैं, जबकि लक्षित सरतीन हांसी के अउ्ञ होंगे।



## अंकित पानीपत के एडीसी होंगे

अंकित कुमार चौकसे पानीपत के ADC होंगे; अर्पित संगल सिरसा के नए ADC और जिला परिषद, सिरसा के उएड हैं। शाश्वत सांगवान अपने मौजूदा कामों के अलावा, शहरी स्थानीय निकायों के निदेशक और विशेष सचिव, शहरी स्थानीय निकायों के मिशन निदेशक, राज्य शहरी आजीविका मिशन और राज्य शहरी विकास प्राधिकरण का कार्यभार संभालेंगे।

## एसडीएम भी बदले

ज्योति नूंह की ADC होंगी; उत्सव आनंद हिसार के ADC; राहुल राय करनाल के ADC; अंकिता पंवार सांपला की SDM; और अभिनव सिवाच अपने मौजूदा कामों के अलावा, झज्जर के नगर आयुक्त का कार्यभार संभालेंगे। कनिका गोयल अंबाला छावनी की नई SDM होंगी, और योगेश सैनी महेंद्रगढ़ के SDM होंगे। रवि मीणा झज्जर के SDM का कार्यभार संभालेंगे।


सर्वशक्तिमते परमात्मने श्री रामाय नमः

**CREMATION**



With profound grief and a heavy heart, we inform you of the sad demise of Our Beloved Mother

**SMT. RAJ KUMARI BHALLA**

(W/o Late Sh. Amar Nath Bhalla)

**The Cremation** will be held on

**Friday, 27th March 2026 at 11:00 AM at Cremation Ground,**

Backside KVM School, Civil Lines, Ludhiana

**In Grief:**

CA V.V. Bhalla (Son)
Vinod Bhalla (Son)
Ajay Bhalla (Son)

Amit Bhalla (Grandson)
Sumit Bhalla (Grandson)
CA Pankaj Bhalla (Grandson)
Pardeep Bhalla (Grandson)

Uturn Time 27 Mar 2026_Layout 2 26-03-2026 22:27 Page 4



# पंजाब पुलिस के एसपी पर महिला ने रेप के लगाए आरोप, हेल्प के बहाने की दोस्ती, फर्जी शादी रचाई, गर्भपात कराया

## एसएसपी ने कार्रवाई नहीं की तो हाईकोर्ट पहुंची पीड़िता

मोहाली/यूटर्न/26 मार्च। पंजाब पुलिस के एक एसपी रैंक के अफसर पर एक महिला ने रेप के गंभीर आरोप लगे हैं। महिला ने पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट में याचिका दायर कर कहा कि एसपी ने मदद के बहाने उसे जाल में फंसाया। फिर उसका रेप किया। उसने विरोध किया तो शादीशुदा होने के बावजूद एसपी ने उससे मंदिर में शादी का ड्रामा किया। जब वह रेप करने से एसपी के बच्चे की मां बनने लगी तो उसने 2 बार उसका गर्भपात करा दिया। एसपी करप्शन भी करता है। उसने मोगा के एसएसपी को इसकी शिकायत दी, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद उसने यह याचिका दायर की।



### केस में मदद के बहाने फंसाया

याचिकाकर्ता के महिला अनुसार एक केस के सिलसिले में उसकी मोगा में एसपी रैंक के अफसर से मुलाकात हुई थी। उसने मदद के नाम पर उससे जान-पहचान बढ़ा ली। इसके बाद उसे बातों में उलझाकर उसके साथ नजदीकी बढ़ा ली। वह भी मदद करने से भावुक होकर एसपी के झांसे में आ गई। महिला ने बताया कि एसपी ने उसका यौन शोषण किया और उसने विरोध किया तो एसपी ने उससे एक मंदिर में शादी कर ली। महिला मुताबिक शादी भी असली नहीं सिर्फ नाटक था। एसपी ने उसके साथ मारपीट करनी शुरू कर दी। उसका यौन शोषण किया। जब एसपी के संबंध बनाने की वजह से उसके पेट में बच्चा ठहर गया तो उसने 2 बार उसका जबरन गर्भपात करवा दिया। विरोध करने पर मारपीट की। जिस वजह से वह काफी परेशान रहने लगी।

**हाईकोर्ट ने जताई नाराजगी...** याचिका पर हाईकोर्ट ने शिकायत दर्ज करने में देरी को लेकर नाराजगी जताई। हालांकि सरकार ने हाईकोर्ट को बताया कि मामले की जांच आईजी लेवल के अफसर को सौंपी है। जिस पर हाईकोर्ट ने कहा कि 3 हफ्ते में जांच पूरी कर रिपोर्ट दें। हाईकोर्ट ने कहा कि अगर आरोप सही हों तो कार्रवाई करें, अगर पुलिस की जांच रिपोर्ट कुछ और हो तो इसके बारे में याचिका दायर करने वाली महिला को भी सूचना दें।

**करप्शन भी करता था एसपी, मुझे घर दिलाया...** महिला ने आगे बताया कि एसपी रैंक का अफसर करप्शन में भी इन्वॉल्व था। उसने करप्शन के पैसों से 2015 में उसके लिए एक घर खरीदा था। हालांकि जब उनके बीच विवाद होने लगा तो उसकी पहली पत्नी ने वह घर बेच दिया। तब उसे पता चला कि उसकी तो पहले से शादी हो रखी थी। महिला ने कहा कि मारपीट, रेप और गर्भपात कराने को लेकर उसने 10 सितंबर 2015 को मोगा के एसएसपी ऑफिस में शिकायत दी थी। जिसमें यह भी बताया था कि एसपी ने करप्शन के जरिए पैसे कमाए हैं। उसने पूरे मामले की गहराई से जांच कर कार्रवाई की मांग की थी लेकिन पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। यह मामला करीब 10 साल तक लटकाए रखा।

# पंजाब में विकास को रफ्तार : 1000 करोड़ के रोड प्रोजेक्ट्स तेज, लुधियाना में 8.59 करोड़ के कार्यों का उद्घाटन

## हलवारा एयरपोर्ट को लेकर 24 घंटों में आएगी बड़ी खबर : मंत्री अरोड़ा





लुधियाना, यूटर्न, 26 मार्च। पंजाब में इंफ्रास्ट्रक्चर विकास को नई गति देते हुए कैबिनेट मंत्री संजीव अरोड़ा ने लुधियाना में 8.59 करोड़ की लागत से विभिन्न सड़क परियोजनाओं का उद्घाटन किया। इन प्रोजेक्ट्स में विधायक मदन लाल बग्गा के हलके में पुराने जीटी रोड (जालंधर बायपास से बुड्ढा दरिया), एलिवेटेड रोड (चांद सिनेमा से जगराओं ब्रिज) और सग्गू चौक से हम्ब्रान रोड तक सड़क का पुनर्निर्माण शामिल है। इनमें से 7.07 करोड़ पुराने जीटी रोड व एलिवेटेड रोड पर और हल्का वेस्ट के तहत पॉश इलाके उधम सिंह और किचलू नगर को जोड़ती मुख्य सड़क पर सग्गू चौकझ्रहम्ब्रान रोड के निर्माण पर 1.52 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। वही उन्होंने अगले 24 घंटों में हलवारा एयरपोर्ट से जुडी एक बड़ी खबर आने की बात कह पूरे शहर वासियों में उत्सुकता का माहौल बना दिया। जिसके बाद चचाऐं छिड़ गई की अगले 24 घंटों में हलवारा एयरपोर्ट से फ्लाइट की ऑनलाइन बुकिंग शुरू हो सकती है। मंत्री अरोड़ा ने बताया कि राज्यभर में सड़क ढांचे को मजबूत करने के लिए 1000 करोड़ के प्रोजेक्ट्स अप्रैल अंत तक पूरे किए जाएंगे। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सुनिश्चित करने और गड़बड़ी मिलने पर ठेकेदारों को ब्लैकलिस्ट करने के निर्देश दिए। साथ ही, सड़कों की 5 साल तक मेंटेनेंस की जिम्मेदारी भी संबंधित ठेकेदारों की होगी। उन्होंने कहा कि Buddha Dariya के पुनर्जीवन के लिए भी तेजी से काम हो रहा है और जमीन पर सकारात्मक बदलाव दिखने लगा है। इसके अलावा, गड्ढों की मरम्मत के लिए आधुनिक मशीनों का उपयोग किया जा रहा है।

इसी दौरान सराभा नगर में एक नुक्कड़ बैठक में बोलते हुए अरोड़ा ने पंजाब सरकार के चार साल के कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाई। उन्होंने दावा किया कि पंजाब को केंद्र सरकार द्वारा शिक्षा, सड़क सुरक्षा और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस में नंबर-1 राज्य का दर्जा मिला है। उन्होंने बताया कि राज्य में हर परिवार को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिल रही है, किसानों को निर्बाध बिजली आपूर्ति दी जा रही है और इसे धान सीजन तक 95% तक बढ़ाया जाएगा। इसके अलावा, हर पंजाबी के लिए 10 लाख तक की कैशलेस स्वास्थ्य बीमा योजना लागू की गई है। अरोड़ा ने यह भी घोषणा की कि महिलाओं को जल्द ही 1000 से 1500 प्रति माह आर्थिक सहायता दी जाएगी। उन्होंने विश्वास जताया कि पंजाब जल्द ही देश का नंबर-1 राज्य बनेगा और बेहतरीन सड़क ढांचे के साथ स्वच्छ और विकसित प्रदेश के रूप में उभरेगा।

# मोहाली में अयोध्या की तर्ज पर बनाया राम मंदिर: आज से श्रद्धालुओं के लिए खोला जाएगा



मोहाली/यूटर्न/26 मार्च। मोहाली जिले के खरड़ में स्थित अज्ज सरोवर पर अयोध्या की तर्ज पर एक भव्य राम मंदिर तैयार किया गया है, जिसे राज्य का सबसे बड़ा और आकर्षक राम मंदिर बताया जा रहा है। इस मंदिर का डिजाइन राम मंदिर अयोध्या की शैली से प्रेरित है। आज 26 मार्च को इसे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा, जिसमें गुलाब चंद कटारिया भी शामिल होंगे। मंदिर में भगवान राम, उनके परिवार, महाराजा अज्ज और महाराज दशरथ की सुंदर प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जिन्हें जयपुर में तैयार किया गया है। उद्घाटन के अवसर पर 51 हजार दीपकों से भव्य आरती का आयोजन किया जाएगा। यह सरोवर भगवान राम के परदादा महाराजा अज्ज से जुड़ा माना जाता है और इसका उल्लेख रघुवंश में भी मिलता है। लगभग 15 एकड़ में फैला यह 152 वर्ष पुराना सरोवर ऐतिहासिक और धार्मिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। 1979 में यहां खुदाई के दौरान प्राचीन मंदिर के अवशेष भी मिले थे, जो इसकी पवित्रता को और बढ़ाते हैं।

# मोहाली में लिव-इन विवाद के बाद युवती की आत्महत्या, मां ने पार्टनर पर लगाए गंभीर आरोप



मोहाली/यूटर्न/26 मार्च। फाजिलका के अबोहर की रहने वाली 22 वर्षीय रिद्धिमा अपने लिवइन पार्टनर ओम तरुण शिव के साथ मोहाली के सेक्टर-80 स्थित एक पीजी में रहती थी। जहाँ वह मोहाली की एक प्राइवेट कंपनी में काम करती थी। 27 फरवरी को तरुण के साथ तीखी बहस के बाद 28 फरवरी को रिद्धिमा ने फंदा लगाकर आत्महत्या करली। यह घटना पीजी में लगे सीसीटीवी में कैद हुई थी। आत्महत्या से पहले उसने कनाडा में रह रही अपनी सहेली को आपबीती सुनाई थी। सहेली के बियानो के अनुसार जिस पीजी में दोनों रहते थे वो तरुण के आधार कार्ड से किराये पर लिया था। तरुण रिद्धिमा का मानसिक और शरीरिक शोषण करता था। जानकारी मिलते ही परिजनों ने पुलिस को शिकायत दी। पुलिस ने रिद्धिमा की मां की शिकायत पर उसके लिव-इन पार्टनर के खिलाफ आत्महत्या के लिए उकसाने और प्रताड़ना का मामला दर्ज किया है। उस पर आरोप है कि वह रिद्धिमा से शादी नहीं कर रहा था और उसकी शादी कहीं दूसरी जगह भी नहीं होने दे रहा था। फिलहाल, आरोपी फरार है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए छापे मार रही है। यह मामला करीब एक माह पहले का है, लेकिन मामले में जांच के बाद पुलिस ने 25 मार्च को ही ऋक्रफदर्ज की है। पुलिस के अनुसार, लिव-इन पार्टनर के साथ विवाद के बाद रिद्धिमा मानसिक तनाव में थी। पुलिस अब रिद्धिमा के मोबाइल का डंप डेटा और सहेली के साथ हुई बातचीत के रिकॉर्ड खंगाल रही है, ताकि आरोपी की लोकेशन और प्रताड़ना के पुख्ता सबूत जुटाए जा सकें।

चंडीगढ़
यूटर्न टाइम
The Good, Bad and Ugly of India
05 शुक्रवार, 27 मार्च 2026



पेज 12 मनीमाजरा में बढ़ते अपराध पर भड़की वेल्फेयर ...

# चंडीगढ़ में सिलेंडर ब्लास्ट देर रात घर में लगी भीषण आग, पड़ोसियों ने परिवार को सुरक्षित निकाला





चंडीगढ़/यूटर्न/26 मार्च। चंडीगढ़ के मौलीजागरां स्थित विकास नगर इलाके में बुधवार देर रात एक घर में सिलेंडर फटने से अफरातफरी मच गई। धमाके की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और इलाके में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते घर की दूसरी मंजिल से आग की लपटें निकलने लगीं, जिसके बाद पड़ोसियों ने तुरंत मौके पर पहुंचकर परिवार की मदद शुरू की।

जानकारी के अनुसार घटना रात करीब साढ़े 12 बजे की है। उस समय घर के अंदर रहने वाला परिवार गहरी नींद में था। अचानक जोरदार धमाके के साथ घर में आग लग गई और कुछ ही देर में आग ने पूरे घर को अपनी चपेट में ले लिया। पड़ोसियों ने तुरंत फायर ब्रिगेड को सूचना दी और घर में फंसे परिवार के सदस्यों को बाहर निकालने का प्रयास शुरू कर दिया।

स्थानीय निवासी विनोद कुमार ने बताया कि वह अपने परिवार के साथ सो रहे थे, तभी अचानक जोरदार धमाका सुनाई दिया। पहले तो उन्हें समझ नहीं आया कि क्या हुआ, लेकिन जब बाहर निकलकर देखा तो कुछ दूरी पर एक घर की दूसरी मंजिल से आग की तेज लपटें उठ रही थीं। मौके पर पहुंचे लोगों ने देखा कि गिरीश कुमार के घर में आग लगी हुई है और परिवार अंदर फंसा हुआ है। इसके बाद लोगों ने तुरंत साहस दिखाते हुए घर में घुसकर गिरीश, उनकी पत्नी और दो बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया।

घटना में किसी भी तरह का जानी नुकसान नहीं हुआ, लेकिन आग लगने से घर का लगभग सारा सामान जलकर राख हो गया। घर में रखे कपड़े, नकदी और कुछ गहने भी आग की चपेट में आ गए। बताया जा रहा है कि घर के मालिक गिरीश कुमार पेशे से ऑटो चालक हैं और रोज की तरह बुधवार को भी दिनभर काम करने के बाद देर शाम घर लौटे थे। परिवार के साथ खाना खाने के बाद सभी सो गए थे, तभी आधी रात को यह हादसा हो गया। आग लगने के दौरान गिरीश कुमार ने अपने मोबाइल फोन से घटना का वीडियो भी बनाया। वीडियो में वह भावुक होकर कहते नजर आ रहे हैं कि उनकी आंखों के सामने उनका घर जल रहा है। उन्होंने बताया कि रसोई में सिलेंडर फटने के बाद घर के कई हिस्सों को भारी नुकसान पहुंचा है और लगभग पूरा सामान जल चुका है।

सूचना मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने आसपास के घरों को खाली करवाया और करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। फायर ऑफिसर जगतार सिंह के अनुसार शुरूआती जांच में सिलेंडर फटने की बात सामने आ रही है, हालांकि आग लगने के असली कारणों की जांच अभी जारी है। हादसे के कारण घर की छत और दीवारों में भी दरारें आ गई हैं।

# डिलीवरी ब्वाय संदिग्ध हालत में मिला, मेडिकल में नशे की पुष्टि नहीं




अजीत झा

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मार्च। शहर के सेक्टर-33 में एक डिलीवरी ब्वाय के संदिग्ध हालत में मिलने का मामला सामने आया है, जिसने स्थानीय लोगों में हड़कंप मचा दिया। युवक के पास ऑनलाइन ग्रॉसरी डिलीवरी प्लेटफॉर्म Blinkit का बैग था, जिससे वह ड्यूटी पर होने की आशंका जताई गई। पुलिस के मुताबिक, युवक की पहचान सुनील (24) के रूप में हुई है, जो धनास स्थित ईडब्ल्यूएस कॉलोनी का निवासी है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि वह काफी देर तक एक ही स्थान पर खड़ा रहा और संतुलन बनाए रखने में असमर्थ दिखाई दे रहा था। उसकी हालत देख राहगीरों ने तुरंत पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी।
मौके पर पहुंची सेक्टर-34 थाना पुलिस की टीम युवक को अपने साथ ले गई और उसे मेडिकल जांच के लिए सरकारी अस्पताल भेजा गया। शुरूआती तौर पर लोगों ने आशंका जताई कि युवक नशे की हालत में हो सकता है, लेकिन पुलिस के अनुसार मेडिकल रिपोर्ट में शराब या किसी अन्य नशीले पदार्थ के सेवन की पुष्टि नहीं हुई। पुलिस ने बताया कि एहतियात के तौर पर युवक को रात भर हिरासत में रखा गया और बाद में ड्यूटी मजिस्ट्रेट के समक्ष पेश किया गया, जहां से उसे जमानत बांड भरने के बाद रिहा कर दिया गया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और युवक के पास मिले डिलीवरी बैग को लेकर संबंधित कंपनी से संपर्क साधने की प्रक्रिया जारी है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की परिस्थितियों को देखते हुए अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# Pu फायरिंग केस में बड़ा खुलासा: मुख्य शूटर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार, बंबीहा गैंग कनेक्शन






अजीत झा

चंडीगढ़, यूटर्न, 26 मार्च। पंजाब यूनिवर्सिटी में छात्र नेता जशनप्रीत सिंह पर हुई फायरिंग के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है, जहां मुख्य शूटर जसप्रीत सिंह उर्फ जस को Agtf पंजाब और चंडीगढ़ पुलिस डीसीसी के संयुक्त ऑपरेशन में अमलोह-पटरण रोड पर मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। नाकाबंदी के दौरान आरोपी ने पुलिस पर फायरिंग की, जिसके जवाब में वह घायल हो गया और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि हमला बंबीहा गैंग के गैंगस्टर डोनी बल के इशारे पर किया गया था। सूत्रों के अनुसार हाल ही में सेक्टर-9 चंडीगढ़ में हुई फायरिंग घटनाओं से भी इस केस के तार जुड़ सकते हैं, हालांकि इसकी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर गैंग के अन्य सदस्यों, फंडिंग नेटवर्क, हथियारों की सप्लाई और स्थानीय मददगारों की पहचान में जुटी है, जिससे ट्राइसिटी में सक्रिय संगठित अपराध के बड़े नेटवर्क के खुलासे की उम्मीद है।

# श्रीराम नवमी पर जीरकपुर में भव्य शोभायात्रा, गूंजा जय श्रीराम





जीरकपुर/यूटर्न/26 मार्च। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव श्रीराम नवमी के पावन अवसर पर जीरकपुर क्षेत्र में गुरुवार को भव्य शोभायात्रा और विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ किया गया। पूरे शहर में भक्तिमय माहौल देखने को मिला और श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह नजर आया। यह आयोजन पूज्य जगद्गुरु भुवनेश्वरी नन्द गिरी जी महाराज (जूना अखाड़ा), पीठाधीश्वर काली माता मंदिर पटियाला, माँ कामाख्या देवी (असम) एवं माँ ज्वाला देवी (कांगड़ा) के दिशा-निर्देशन एवं आशीर्वाद से संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिंदू एड इंटरनेशनल के प्रेसिडेंट दीपांशु सूद ने की।

# श्री गीता मंदिर विकास नगर में नतमस्तक हुए स्वामी नलिन आनंद गिरी जी महाराज (यूएसए)



लुधियाना/यूटर्न/26 मार्च। श्री गीता मंदिर विकास नगर में स्वामी नलिन आनंद गिरी जी महाराज (यूएसए) नतमस्तक हुए। नतमस्तक होकर स्वामी जी ने देवी मां से प्रार्थना की कि विश्व में शीघ्र शांति स्थापित हो, क्योंकि आज असंतोष बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि मां दुर्गा जी को विशेष कर नवरात्रों में की गई अरदास का सौ गुणा फल मिलता है, क्योंकि लड़ाई से कुछ प्राप्त होने वाला नहीं, बल्कि हर धर्म आपसी सद्भाव और प्यार सिखाता है। मंदिर पधारने पर ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोचारण करके स्वामी जी का स्वागत किया। इस दौरान मां बगलामुखी के मंदिर में हवन किया गया। स्वामी जी ने सूर्य को जल अर्पित करने के स्थान और फाउंटेंन का निरीक्षण किया। उपरांत मंदिर सभा ने श्री कृष्णा गुप्ता, नवदीप गोयल और कुलदीप गुप्ता को सम्मानित किया। पूर्व पार्षद ममता आशु ने स्वामी जी को सम्मानित किया। दीपक गर्ग फ्री डायलिसिस सेंटर ने भी स्वामी जी के बारे में आलेख किया। महिला संकीर्तन मंडली और दुर्गा स्तुति संघ विकास नगर की तरफ से डिंपल पब्बी, मनीषा, कुसुम जेटली, अनु हांडा, रमा ढल, प्रवीण निझवन उमा शांता वोहरा, रीना बेदी,शिखा सूद, जिंदल वीणा, नीरज ढंडा, स्नेह शाही, रीना मालिक, रिंकी, सीमा नय्यर, प्रेम गुप्ता, पुष्पा और ममता आदि ने में भाग लिया। मंदिर सभा के राम कृष्ण सलूजा, रजत सूद, रविंदर गुप्ता, प्रदीप ढल, पवन कांत वोहरा, ओम प्रकाश शर्मा, राजन उप्पल, तेजिंदर कपूर, पुरुषोत्तम बंसी अमित वशिष्ठ, तेजिंदर पासी, चंद्र प्रकाश वोहरा, कुलदीप मरिया आदि उपस्थित थे।

## रूह से रूबरू





चारू नागपाल

### हमारी प्यारी बेटियाँ

हमारे भारतीय समाज में बेटियाँ घर की आधारशिला होती हैं। वे परिवार की देखरेख और सरंक्षण में बहुत ही महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। अगर हम अपनी बेटी को सुशिक्षित और संस्कार पूर्ण बनाते हैं तो वो अपनी शिक्षा और संस्कार से अपने ससुराल और मायके दोनो घरों का मान तो बढ़ाती ही है साथ ही साथ अपनी संस्कारी संतानों को समाज को देकर हमारा उद्धार भी करती है। पर हमारा भी उनके लिए अहम योगदान बनता है कि हम उन्हें सुरक्षा और समान अधिकार मुहैया कराएँ। पर एक खास बात लोग अक्सर पूछते हैं कि एक बेटी अपने मायके से इतना क्यों जुड़ी रहती है। हमें यह जानना होगा कि बेटी कितनी भी महान बन जाए या उम्रदराज हो जाए लेकिन बेटी रूपी चिड़िया पैदा होकर चाहे कितनी मर्जी दूर की उड़ान भर ले याद तो उसको सारी उम्र उसी घोसले की आती है जहाँ वो पैदा हुई थीक्योंकि यहाँ उसके कुछ अनदेखे प्यार के धागे जुड़े होते हैं।

माँ के आँचल में पली,
पिता की छाया में खिली
चिड़िया के पंख लिए उड़ जाती हैं।
बेटियाँ फिर भी लाड लडाती हैं।
बेटियाँ फिर भी लाड लडाती हैं।

## कानूनी बात - निशांत प्रभाकर के साथ

**Illegal Possession: अगर किसी ने जमीन पर कब्जा कर लिया तो क्या करें?**



निशांत प्रभाकर, एडवोकेट

जमीन से जुड़े विवादों में सबसे गंभीर स्थिति तब पैदा होती है, जब कोई व्यक्ति बिना अधिकार के किसी संपत्ति पर कब्जा कर लेता है। इसे सामान्य भाषा में Illegal Possession कहा जाता है। कई बार मालिक लंबे समय तक बाहर रहता है या जमीन खाली होती है, और कोई व्यक्ति उस पर कब्जा कर लेता है।

ऐसी स्थिति में सबसे पहले यह देखना आवश्यक है कि कब्जा हाल ही में हुआ है या काफी समय से चला आ रहा है। यदि कब्जा हाल ही में हुआ है, तो पुलिस और स्थानीय प्रशासन को तुरंत सूचना देना उपयोगी हो सकता है। लेकिन यदि मामला जटिल हो या लंबे समय से कब्जा बना हुआ हो, तो आमतौर पर सिविल अदालत का सहारा लेना पड़ता है। कानून में इसके लिए Suit for Possession दायर किया जा सकता है। इस मुकदमे के माध्यम से मालिक अदालत से यह मांग करता है कि उसे उसकी संपत्ति का कब्जा वापस दिलाया जाए।

अदालत दस्तावेज, स्वामित्व और वास्तविक कब्जे की स्थिति देखकर निर्णय देती है। कई मामलों में मालिक साथ ही Injunction (रोक आदेश) भी मांग सकता है, ताकि कब्जाधारी संपत्ति में और बदलाव न कर सके या उसे बेच न सके।

यह भी महत्वपूर्ण है कि संपत्ति के दस्तावेज, रिकॉर्ड और अन्य प्रमाण सुरक्षित रखे जाएँ, क्योंकि अदालत में स्वामित्व साबित करना आवश्यक होता है।

निष्कर्ष : Illegal possession केवल निजी विवाद नहीं, बल्कि संपत्ति अधिकार का गंभीर उल्लंघन है। समय पर कानूनी कार्रवाई और स्पष्ट दस्तावेज ही मालिक को अपना अधिकार वापस दिलाने का सबसे प्रभावी साधन हैं।

# श्री राम शरणम् में रामायण ज्ञान यज्ञ का समापन, संत अश्वनी बेदी ने दिया आध्यात्मिक संदेश
























लुधियाना, यूटर्न, 26 मार्च। श्री राम शरणम्, श्री राम पार्क में आयोजित श्री रामायण ज्ञान यज्ञ का समापन समारोह हर्षोल्लास और श्रद्धा के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर संत अश्वनी बेदी जी महाराज ने अपने प्रेरणादायक संबोधन में रामायण के आध्यात्मिक, पारिवारिक और सामाजिक महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्री रामायण के पाठ में विशेष सकारात्मक ऊर्जा होती है, जिससे मन को शांति मिलती है और व्यक्ति तनाव, चिंता व भय से मुक्त होता है। यह एकाग्रता बढ़ाने में भी सहायक है। उन्होंने बताया कि रामायण हमें रिश्तों की मयार्दा और आदर्श जीवन मूल्यों की शिक्षा देती है—भगवान राम का पिता के प्रति सम्मान, भरत और लक्ष्मण का भाईचारा तथा माता सीता का समर्पण एक आदर्श परिवार की नींव रखते हैं। संत जी ने कहा कि जीवन में कठिन परिस्थितियों में भी धर्म और धैर्य का मार्ग नहीं छोड़ना चाहिए। नियमित पाठ से व्यक्ति में सात्विक गुणों का विकास होता है और नकारात्मक ऊर्जा का नाश होता है। उन्होंने श्रद्धालुओं को भावपूर्ण और नियमित रूप से पाठ करने का संदेश दिया। समारोह में उमा मित्तल, सुदर्शन जैन, भाविका गुप्ता, मधु बजाज, शशि गुप्ता, मंजू गुप्ता, सुमन जैन, राजिंदर नारंग सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# श्री राम नवमी पर सुंदरकांड पाठ व लंगर का भव्य आयोजन



जीरकपुर/यूटर्न/26 मार्च। श्री राम सेवा समिति द्वारा हरमिलाप नगर फेज-2, बलटाना में श्री राम नवमी के पावन अवसर पर श्री सुंदरकांड के पाठ एवं लंगर का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लेकर भगवान श्री राम के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री मनप्रीत सिंह संधू (बन्नी संधू) विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने समिति के प्रयासों की सराहना करते हुए सभी हलका वासियों श्री राम नवमी की शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि ऐसे धार्मिक आयोजन समाज में भाईचारे और सद्भाव को बढ़ावा देते हैं।

# श्री राम कथा संपन्न, राम नवमी शोभा यात्रा से राममय हुआ पटियाला







पटियाला/यूटर्न/26 मार्च। श्री सनातन धर्म सभा (पंजीकृत) पटियाला और श्री रामनवमी शोभायात्रा कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय श्री राम कथा मंदाकिनी का भव्य समापन हुआ। इसके साथ ही श्री राम नवमी के उपलक्ष्य में निकाली गई विशाल शोभा यात्रा ने पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण में रंग दिया। यह यात्रा एस.डी.एस.ई. सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आर्य समाज चौक से शुरू होकर शहर के प्रमुख बाजारों से होती हुई पुनः स्कूल परिसर में संपन्न हुई। मार्ग में विभिन्न संस्थाओं द्वारा पुष्प वर्षा और लंगरों से श्रद्धालुओं का स्वागत किया गया। शोभा यात्रा में सुसज्जित पालकी में विराजमान श्री राम दरबार विशेष आकर्षण रहा। कथा वाचक आचार्य संजीव गुरु जी महाराज के भजनों ने माहौल को और भी भावविभोर कर दिया। समापन अवसर पर भव्य महाआरती का आयोजन किया गया।

Uturn Time 27 Mar 2026_Layout 2 26-03-2026 22:27 Page 7



# कुख्यात अपराधी ने रास्ते में घेरकर युवक का सिर फाड़ा, बचाव करने आए बाप-भाई को भी पीटा, लगे 25 टांके

लुधियाना/यूटर्न/26 मार्च। लुधियाना की डिस्को कॉलोनी में बुधवार देर रात कुल्फी लेने के लिए गए एक युवक पर एक कुख्यात अपराधी ने अपने आधा दर्जन से अधिक साथियों समेत जानलेवा हमला कर दिया। युवक का आरोप है कि हमलावरों ने उसके सिर में पिस्टल की बट और बेसबॉल के डंडे मारे है। जब उसके पिता और छोटा भाई बचाव करने आए तो हमलावरों ने उन्हें भी पीटा। वहीं उनकी एक्टिवा भी तोड़ दी। जिसके बाद हमलावर धमकियां देते हुए फरार हो गए। जख्मी युवकों को परिवार वालों ने अस्पताल दाखिल कराया। घायलों की पहचान साहिल, बिट्टू और मोहित के रुप में हुई है। साहिल ने बताया कि वह



घर से कुल्फी लेने निकला था। तभी एक बदमाश और उसके साथियों ने उसे घेर लिया और हमला कर किया। जिस कारण उसके सिर पर करीब 25 टांके लगे हैं, जबकि उसकी एक बाजू भी टूट गई है। डॉक्टरों के मुताबिक उसकी सर्जरी की जाएगी। पिता बिट्टू ने बताया कि घटना की सूचना मिलने पर वह अपने छोटे बेटे मोहित के साथ मौके पर पहुंचे। हमलावरों ने उन्हें भी पीटना शुरू कर दिया। जिस कारण बिट्टू और मोहित के सिर पर 7 टांके लगे हैं।

### पुलिस ने नहीं की सुनवाई

बिट्टू शर्मा ने आरोप लगाया कि जब वह थाना डिवीजन नंबर चार पहुंचे तो पुलिस ने उनकी बात नहीं सुनी और उन्हें पीसीआर को कॉल करने के लिए कहा। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि मुख्य हमलावर पर पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं, लेकिन उसके कथित पुलिस संबंधों के चलते उस पर कार्रवाई नहीं होती। एसएचओ गुरजीत सिंह ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। घायल के बयान दर्ज किए जा रहे हैं और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# नोबल फाउंडेशन का नि:शुल्क नेत्र शिविर, 387 लोगों की जांच कर बांटी गई दवाइयां व ऐनकें

लुधियाना, यूटर्न, 26 मार्च। नोबल फाउंडेशन संस्था द्वारा दयानंद मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के सहयोग से ह्यरोशनी प्रोजेक्टह्ल के तहत बसंत एवेन्यू ब्रांच में नि:शुल्क विशाल नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। इस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों को बेहतर नेत्र स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना था, ताकि वे शिक्षा और दैनिक जीवन में सक्रिय रूप से भाग ले सकें।

कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री रमेश बांसल ने की, जबकि मुख्य अतिथि सरदार बलविंदर सिंह पम्पल ने दीप प्रज्वलन कर शुभारंभ किया। विशिष्ट अतिथियों में उद्योगपति विक्रम व्यास, गुरजीत सिंह (एजीएम, डीएमसीएच), संदीप जिंदल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। टीम सेवा कनाडा




के सदस्यों ने भी इस सेवा कार्य में भाग लिया। दयानंद मेडिकल कॉलेज के अनुभवी डॉक्टरों और ऑप्टोमेट्रिस्ट्स की टीम ने 387 से अधिक विद्यार्थियों और स्थानीय लोगों की आंखों की जांच की। जरूरतमंदों को मुफ्त दवाइयां और ऐनकें वितरित की गई, जबकि गंभीर मामलों को ऑपरेशन के लिए दयानंद अस्पताल में निशुल्क उपचार की सलाह दी गई। अब तक इस प्रकार के शिविरों से 33,000 से अधिक लोग लाभान्वित हो चुके हैं। संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र शर्मा ने बताया कि शिक्षा के साथ स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करना भी संस्था की प्राथमिकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में शिक्षिकाओं और स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंच संचालन मीनाक्षी शर्मा ने किया, जबकि अंत में सभी अतिथियों का धन्यवाद व्यक्त किया गया।

# बरनाला में दुकानदार पर दिनदहाड़े तलवारों से हमला, युवक गंभीर रूप से घायल

बरनाला/यूटर्न/26 मार्च। बरनाला के बस स्टैंड रोड स्थित मेन मार्केट में दिनदहाड़े एक दुकान पर कुछ अज्ञात लोगों ने तलवारों से हमला कर दिया। हमलावरों ने दुकान में तोड़फोड़ की और नकदी लूट ली। इस हमले में दुकान मालिक गोरा सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरी घटना



बाजार में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। घायल गोरा सिंह के सिर में गंभीर चोटें आई हैं। उन्होंने बताया के हमलावरों के बारे में नहीं पता। चश्मदीद गुरदीप सिंह ने घटना के बारे में बताया के पांच छे लोग तेजदार हथियारों के साथ सेलून की दुकान में घुस थे। यह मामला उनके पार्लर की एक लड़की से जुड़ा है। घटना से एक दिन पहले उस लड़की का स्कूटर पर जाते समय कुछ लोगों से झगड़ा हो गया था। गुरदीप सिंह ने बताया कि हमलावर उनकी दुकान पर हमला करने आए थे, लेकिन उनकी दुकान बंद होने के कारण उन्होंने बगल के सैलून पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन पर सवाल उठाए हैं और कहा कि ऐसी गुंडागर्दी की घटनाएं आम होती जा रही हैं। लोगों ने हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराकर पलटी पजेरो कार, हुआ बचाव



लुधियाना/यूटर्न/26 मार्च। फिरोजपुर रोड स्थित सर्किट हाउस के नजदीक बुधवार देर रात एक पजेरो कार अचानक असंतुलित होकर डिवाइडर से टकराकर पलट गई। जिस कारण कार सवार तीन लोगों को चोटें आई। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आस-पास के लोग तुरंत इकट्ठा हो गए, वहीं कई वाहन चालक भी रुक गए और कार में फंसे लोगों को बाहर निकालने में मदद की। हादसे में पजेरो कार आगे से बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बाद में वाहन को मौके से हटाकर टोइंग के जरिए सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया गया। स्थानीय लोगों ने घटना के वीडियो भी बनाए, जो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं।

# युद्धः एक आध्यात्मिक विफलता – महावीर स्वामी की प्रासंगिक सीख

लुधियाना, यूटर्न, 26 मार्च। महावीर की शिक्षाएँ आज के वैश्विक परिदृश्य में अत्यंत प्रासंगिक हो उठी हैं। इस वर्ष महावीर जन्म कल्याणक 31 मार्च 2026 को मनाया जा रहा है, ऐसे समय में जब दुनिया के कई हिस्सों में युद्ध और संघर्ष





जारी हैं। इन टकरावों ने न केवल मानवीय संसाधनों को नष्ट किया है, बल्कि सैकड़ों निर्दोष लोगों की जान भी ली है और वैश्विक स्तर पर अस्थिरता को बढ़ाया है। महावीर स्वामी ने 'अहिंसा परमो धर्म' का सिद्धांत देकर यह स्पष्ट किया कि हिंसा किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है। उनके अनुसार, युद्ध केवल राजनीतिक या सामरिक संघर्ष नहीं, बल्कि एक गहन आध्यात्मिक विफलता है, जो जीवन के विनाश के साथ-साथ नकारात्मक कर्मों का संचय करती है। उन्होंने मानव को यह सिखाया कि हर जीव में एक समान आत्मा और दिव्य चेतना का अंश होता है, इसलिए किसी अन्य प्राणी को कष्ट पहुँचाना वास्तव में स्वयं को कष्ट पहुँचाने के समान है। Jainism का दर्शन इसी मूल विचार पर आधारित है कि आत्मा में स्वयं को शुद्ध कर परमात्मा बनने की क्षमता होती है। महावीर स्वामी ने 72 वर्ष की आयु में मोक्ष प्राप्त कर यह सिद्ध किया कि संयम, करुणा और अहिंसा के मार्ग पर चलकर जीवन को उच्चतम आध्यात्मिक स्तर तक ले जाया जा सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि हम आत्मचिंतन करें और समझें कि हम उस 'धर्म मार्ग' से कहाँ भटक गए हैं, जो महावीर स्वामी ने मानवता को दिखाया था। मानव जाति के शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व और समग्र विकास के लिए अहिंसा का पालन अनिवार्य है। इसकी उपेक्षा ही आज के वैश्विक संकटों और संघर्षों का मूल कारण बनती जा रही है।

# आईपीएल 2026: हाइलैंड ग्रुप और पंजाब किंग्स ने अपनी पार्टनरशिप को और भी मजबूत किया

## हाइलैंड ग्रुप ने इस मौके पर पंजाब किंग्स के लिए तैयार किए गए खास 'एंथम' को भी रिलीज किया




चंडीगढ़/यूटर्न/26 मार्च। पहले सफल सीजन की नींव पर आगे बढ़ते हुए, हाइलैंड ग्रुप ने आईपीएल 2026 के लिए अपने ऑफिशियल रियल एस्टेट पार्टनर के तौर पर पंजाब किंग्स के साथ अपनी पार्टनरशिप जारी रखी है। पार्टनरशिप को जारी रखने और उसे और मजबूत करने की घोषणा यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान की गई, जिसे हाइलैंड ग्रुप के डायरेक्टर विशाल गोयल और हरजिंदर सिंह रंगी ने संबोधित किया। इस मौके पर उनके साथ पंजाब किंग्स के सीईओ सतीश मेनन भी खास तौर पर मौजूद थे। इस मौके पर ग्रुप ने 'द एड्रेस ऑफ किंग्स' कैंपेन को भी लॉन्च किया। इस कैंपेन के तहत, आईपीएल 2026 के दौरान श्रेयस अय्यर और अर्शदीप सिंह जैसे खिलाड़ियों के साथ मैच के दिन खास बातचीत से पहले, जाने-माने लाइफस्टाइल और स्पोर्ट्स क्रिएटर्स को हाइलैंड के प्रोजेक्ट्स का अनुभव लेने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। इस मौके पर की गई घोषणाओं में एक मुख्य आकर्षण हाइलैंड ग्रुप का प्रमुख प्रोजेक्ट, हाइलैंड मेफील्ड्स था, जिसे एक स्पोर्ट्स-केंद्रित रेजिडेंशियल डेवलपमेंट के तौर पर पेश किया जा रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए विशाल गोयल डायरेक्टर हाईलैंड ग्रुप ने कहा कि क्रिकेट मेरे सफर का एक अहम हिस्सा रहा है मैंने अंडर-19 रणजी स्तर पर क्रिकेट खेला है और यह आज भी इस बात को आकार देता है कि मैं अनुशासन, प्रदर्शन और टीम वर्क को किस नजरिए से देखता हूं।

# नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई तेज, तीन अलग-अलग मामलों में केस दर्ज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/26/मार्च। लुधियाना देहात पुलिस द्वारा साझा की गई क्राइम रिपोर्ट के अनुसार जिले के विभिन्न इलाकों में नशे के खिलाफ अभियान के तहत तीन अलग-अलग मामलों में कार्रवाई करते हुए केस दर्ज किए गए हैं। पहले मामले में थाना सिद्धवां बेट के अंतर्गत एएसआई सुखविंदर सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम ने चेकिंग के दौरान किसनपुरा चौक पर मुखबिर की सूचना के आधार पर चरणजीत सिंह उर्फ चन्नी के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस के अनुसार, उक्त व्यक्ति कथित तौर पर नशे की हालत में श्मशान घाट के पास पाया गया, जिसके संबंध में मामला दर्ज किया गया है। दूसरे मामले में थाना सदर रायकोट के अधीन पुलिस चौकी लोहटबद्दी में एएसआई बूटा खां की टीम ने दाना मंडी क्षेत्र में एक संदिग्ध युवक को काबू किया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, युवक सिल्वर पेपर पर नशीला पदार्थ इस्तेमाल करता दिखाई दिया और पुलिस को देखकर भागने की कोशिश की। पकड़े गए युवक की पहचान नवजोत सिंह उर्फ जोती निवासी लोहटबद्दी के रूप में हुई, जिसके पास से कथित रूप से लाइटर, नशीले पदार्थ से संबंधित पन्नी और पाइप बरामद किए गए। इस संबंध में मामला दर्ज किया गया है। तीसरे मामले में थाना दाखा के अंतर्गत एसआई सुरजीत सिंह की टीम ने चेकिंग के दौरान श्मशान घाट के पास एक युवक को काबू किया। पुलिस के अनुसार, उसने पुलिस को देखकर अपने पास मौजूद सामान फेंक दिया। पूछताछ में उसकी पहचान तेजिंदर सिंह उर्फ तेजी निवासी हिस्सोवाल के रूप में हुई। मौके से एक पन्नी और नोट से बनी पाइप बरामद होने की बात कही गई है। इस मामले में भी केस दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि सभी मामले लुधियाना देहात पुलिस द्वारा साझा की गई क्राइम रिपोर्ट के आधार पर दर्ज किए गए हैं और आगे की जांच जारी है।

# नशीली गोलियों के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/26/मार्च। लुधियाना देहात पुलिस द्वारा साझा की गई क्राइम रिपोर्ट के अनुसार नशे के खिलाफ अभियान के तहत दो अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए दो व्यक्तियों को नशीली गोलियों सहित गिरफ्तार किया गया है।

पहले मामले में थाना सिटी रायकोट के अंतर्गत एएसआई कुलदीप सिंह की अगुवाई में पुलिस टीम को मुखबिर से सूचना मिली कि गुरदीप सिंह उर्फ दीपी डॉक्टर निवासी मोहल्ला मौलवियां रायकोट कथित रूप से नशीली गोलियां बेचने का काम करता है और पुरानी दाना मंडी के




पास ग्राहकों का इंतजार कर रहा है। पुलिस ने मौके पर छापेमारी कर आरोपी को काबू किया। पुलिस के अनुसार, उसके पास से 609 नशीली गोलियां, करीब 1400 रुपये नकद और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

दूसरे मामले में थाना सिटी जगरांव के अंतर्गत एसआई शतपाल सिंह की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कोठे खंजूरा के पास मल्क रोड की ओर जाने वाले मोड़ पर छापा मारा। वहां से दर्शन सिंह निवासी मोहल्ला माई जीना जगरांव को काबू किया गया। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, उसके पास से 40 नशीली गोलियां बरामद हुई हैं। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि दोनों मामले लुधियाना देहात पुलिस द्वारा साझा की गई क्राइम रिपोर्ट के आधार पर दर्ज किए गए हैं और आगे की जांच जारी है।

# सेक्टर 32 अस्पताल में वेंटिलेटर, पार्किंग और स्टाफ की कमी पर NHRACF ने उठाए सवाल, प्रशासन ने दिया कार्रवाई का आश्वासन



चंडीगढ़/यूटर्न/26 मार्च। नेशनल ह्यूमन राइट्स एंड एंटी-करप्शन फोर्स (NHRACF), चंडीगढ़ के सदस्यों ने अपने अध्यक्ष श्री कमलजीत सिंह पंची के नेतृत्व में डॉ. रवनीत कौर बेदी, डायरेक्टर प्रिंसिपल, Government Medical College and Hospital Sector 32, से मुलाकात कर उन्हें पदभार ग्रहण करने पर हार्दिक बधाई दी। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर शुभकामनाएं दीं। बैठक के दौरान सदस्यों ने अस्पताल से संबंधित कई महत्वपूर्ण मुद्दों को उनके समक्ष रखा। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि अस्पताल में वेंटिलेटरों की कमी की स्थिति बनी हुई है। उपलब्ध वेंटिलेटरों में से कई कार्यशील नहीं हैं, तथा उन्हें संचालित करने के लिए डॉक्टरों एवं प्रशिक्षित तकनीशियनों की कमी है, जिसके कारण मरीजों को मजबूरन निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त, सदस्यों ने अस्पताल में पार्किंग की कमी, लिफ्टों की अपर्याप्त संख्या, तथा अस्पताल की देखरेख और रखरखाव की खराब स्थिति जैसे मुद्दे भी उठाए, जिससे मरीजों और उनके परिजनों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। डॉ. रवनीत कौर बेदी ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि वे इन सभी मुद्दों पर गंभीरता से विचार कर आवश्यक कदम उठाएंगी, ताकि मरीजों और उनके साथ आने वाले परिजनों को उपचार के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस अवसर पर NHRACF की ओर से एक जागरूकता पोस्टर भी साझा किया गया, जिसका उद्देश्य भिक्षावृत्ति के सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूक करना है। इस अभियान के तहत नागरिकों से अपील की गई है कि वे भिखारियों को नकद राशि देने से बचें और जरूरतमंदों की सहायता अन्य रूपों में करें। बैठक में उपस्थित अन्य सदस्यों में चेयरमैन अनिल वोहरा, महासचिव रजत मल्होत्रा तथा उपाध्यक्ष दिलजीत ठाकुराल शामिल थे।

# रेलवे स्टेशन से 1 किलोग्राम अफीम सहित 2 काबू

दिनेश मौदगिल



लुधियाना, यूटर्न, 26 मार्च। जीआरपी सीआईए स्टाफ ने लुधियाना रेलवे स्टेशन से 2 आरोपियों को 1 किलोग्राम अफीम सहित काबू किया है। स्पैशल डीजीपी रेलवे पंजाब पटियाला शशि प्रभा द्विवेदी, एआईजी रेलवे पंजाब अमरजीत सिंह घुम्मण, कप्तान पुलिस इन्वेस्टिगेशन जीआरपी पंजाब बलराम राणा, उप कप्तान जीआरपी लुधियाना तेजपाल सिंह के दिशा निर्देशों पर इंस्पेक्टर पलविंदर सिंह इंचार्ज सीआईए जीआरपी लुधियाना की हिदायतों पर बदमाशो, स्मगलरों और नशे के खिलाफ चलाई जा रही मुहिम के तहत एसआई बीर बल ने पुलिस पार्टी सहित बीती रात रेलवे स्टेशन लुधियाना से 2 लोगों को 1 किलो अफीम सहित काबू किया। इस बारे में इंस्पेक्टर पलविंदर सिंह ने बताया कि दोनों आरोपी बिहार के मुजफ्फरपुर जिला के रहने वाले हैं। काबू किए गए आरोपियों में 33 साल के राहुल कुमार और 37 साल के संजय कुमार है। उन्होंने बताया कि पुलिस पार्टी ने उनके पिट्ठू बैग में से 1 किलोग्राम अफीम बरामद करके आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों को वीरवार को अदालत में पेश करके उनका 2 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है और आरोपियों से आगे की पूछताछ गहराई के साथ की जाएगी।

# डेराबस्सी में घर में घुसकर हत्या की कोशिश का मामला 48 घंटे में सुलझा, आरोपी गिरफ्तार





डेराबस्सी/यूटर्न/26 मार्च। पंजाब सरकार द्वारा चलाए जा रहे ह्लअपराधियों के खिलाफ युद्धह्व अभियान के तहत एसएएस नगर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। सब डिवीजन डेराबस्सी पुलिस ने किंग्स वैली सोसाइटी में महिला पर जानलेवा हमले के मामले को महज 48 घंटे में सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार 24 मार्च को गुलाबगढ़ रोड स्थित किंग्स वैली सोसाइटी में एक अज्ञात युवक हेलमेट पहनकर एक महिला के घर में घुस गया और तेजधार हथियार से उस पर हमला कर दिया। हमले में महिला को गंभीर कट लगे। इस संबंध में थाना डेराबस्सी में एफआईआर नंबर 126 दर्ज की गई।

एसएसपी एसएएस नगर हरमंदीप सिंह हंस के निदेर्शों और एसपी डेराबस्सी बिक्रमजीत सिंह बराड़ की निगरानी में एक विशेष टीम गठित की गई। टीम का नेतृत्व एसएचओ इंस्पेक्टर सुमित मोर ने किया। पुलिस ने तकनीकी और मानव स्रोतों के आधार पर जांच करते हुए आरोपी को ट्रेस कर गिरफ्तार कर लिया।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान रमेश कुमार निवासी बुधनपुर, सेक्टर-16 पंचकूला के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके पास से वारदात में इस्तेमाल तेजधार हथियार और एक्टिवा स्कूटर भी बरामद किया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी ने पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश में कमरे से छलांग लगा दी, जिससे उसके दाहिने हाथ और पैरों में चोटें आईं। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि वारदात के पीछे पैसों का विवाद कारण था। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है। पुलिस ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है और अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# सील किए गए होटलों में लाखों की चोरी, पुलिस पर उठे सवाल

जीरकपुर, /यूटर्न/26 मार्च। शहर में पुलिस द्वारा सील किए गए होटलों में चोरी की बड़ी घटना सामने आई है, जिससे पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार, कुछ समय पहले जीरकपुर पुलिस ने शहर के कई होटलों और स्पा सेंटरों पर कार्रवाई करते हुए कथित गैरकानूनी गतिविधियों के चलते उन्हें सील कर दिया था। बताया जा रहा है कि होटल मालिकों ने अदालत का दरवाजा खटखटाया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद हाल ही में होटलों को खोलने की अनुमति प्राप्त की। इसके बाद जब होटल मालिक पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और वीडियोग्राफी के बीच सील खोली गई, तो अंदर का नजारा देखकर सभी हैरान रह गए। होटलों के भीतर से एसी के पाइप, कमरों में लगी एलईडी, पानी की मोटरें, इनवर्टर सहित अन्य कीमती सामान गायब था। चोरी हुए सामान की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। होटल मालिक प्रीत ने बताया कि जीरकपुर-पंचकूला रोड पर स्थित उनके तीन होटल संगम, चिराग और गिन्नी करीब तीन महीने पहले पुलिस के आदेश पर सील किए गए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस कार्रवाई के दौरान होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों का डीवीआर भी अपने साथ ले गई थी, जिससे चोरी की कोई रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि जब होटल पुलिस की निगरानी में सील थे, तो उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी किसकी थी। गौरतलब है कि तीन दिन पहले पुलिस द्वारा बंद करवाए गए होटल में एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने का मामला भी सामने आया था, जिससे सुरक्षा व्यवस्था पर और गंभीर प्रश्न खड़े हो गए हैं। होटल मालिकों ने पुलिस से मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर चोरी करने वालों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और उनका नुकसान पूरा कराया जाए।

# किंग्ज वैली में विधवा की बहादुरी, लूट की कोशिश नाकाम

## पिस्तौल-चाकू से लैस बदमाश से अकेले भिड़ी, 25 टांके लगे; 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

डेराबस्सी, यूटर्न, 26 मार्च। गुलाबगढ़ रोड स्थित किंग्ज वैली कॉलोनी में 54 वर्षीय विधवा महिला की बहादुरी इन दिनों चर्चा का विषय बनी हुई है। कूरियर देने के बहाने घर में घुसे पिस्तौल व चाकू से लैस बदमाश का महिला ने अकेले सामना किया और उसे खदेड़ दिया। हालांकि हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके चलते उसे सिविल अस्पताल में तीन जगह कुल 25 टांके लगाने पड़े।



मंगलवार दोपहर करीब सवा 12 बजे की घटना है। पीड़िता सुषमा शर्मा (पत्नी स्व. सतपाल शर्मा) अपने घर में नौ साल के नाती और छोटे पोते-पोती के साथ मौजूद थीं। इसी दौरान डोर बेल बजने पर बाहर से कूरियर देने की आवाज आई। नाती द्वारा गेट खोलते ही करीब छह फीट लंबा युवक, जिसने मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था और हाथ में हेलमेट पकड़ा था, अंदर घुस आया। घर में घुसते ही आरोपी ने पिस्तौल जैसा हथियार निकाल लिया और दूसरे हाथ में चाकू लहराने लगा। स्थिति भांपते ही महिला ने हिम्मत दिखाते हुए आरोपी का मुकाबला किया। उसने एक हाथ से आरोपी को पकड़ा और दूसरे से गला दबोच लिया। शोर मचाते हुए उसे ड्राइंग रूम तक घसीट लाई।

हाथापाई के दौरान आरोपी ने चाकू से महिला पर कई वार किए, जिससे वह लहूलुहान हो गई। बावजूद इसके महिला ने हिम्मत नहीं हारी। शोर सुनकर आसपास के लोग सतर्क हुए तो आरोपी अपना हेलमेट और मोबाइल फोन मौके पर छोड़कर स्कूटी पर फरार हो गया। घटना के बाद पड़ोसी अनिल व उनकी पत्नी ने घायल महिला को तुरंत सिविल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने तीन जगह 25 टांके लगाए।

### 24 घंटे में आरोपी गिरफ्तार

मौके पर छूटे हेलमेट और मोबाइल फोन के आधार पर पुलिस ने तेजी से कार्रवाई करते हुए 24 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी सुमित मोर के अनुसार आरोपी की पहचान रमेश कुमार (45), निवासी सेक्टर-16 पंचकूला के रूप में हुई है।

पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बचाव में कहा कि वह भूखा था और डराकर खाना मांगने के इरादे से घर में घुसा था, हालांकि पुलिस उसके बयान की जांच कर रही है। आरोपी को गुरुवार को अदालत में पेश किया जाएगा।

# पंजाब में आंधी-बारिश का अलर्ट: तेज हवाएं, बिजली गिरने की चेतावनी, गुरदासपुर सबसे गर्म

पंजाब/यूटर्न/26 मार्च। पंजाब में मौसम तेजी से बदल रहा है और अगले दो दिनों के लिए आंधी, बारिश और गरज-चमक का



अलर्ट जारी किया गया है। मौसम विभाग के अनुसार कई जिलों में 30-40 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं, साथ ही बिजली गिरने की भी आशंका है। वीरवार को दोपहर बाद मौसम बदलने लगेगा और शाम तक कई इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। 13 जिलों में अलर्ट जारी किया गया है, जबकि शुक्रवार को 8 जिलों में थंडरस्टॉर्म की चेतावनी है। पिछले 24 घंटों में गुरदासपुर सबसे गर्म रहा, जहां अधिकतम तापमान 31.5त्उ दर्ज किया गया, जबकि बठिंडा सबसे ठंडा रहा और न्यूनतम तापमान 12.5त्उ रहा। शनिवार को मौसम अपेक्षाकृत शुष्क रहेगा, लेकिन बादलों के कारण तापमान में गिरावट और हल्की राहत मिल सकती है। कुछ स्थानों पर हल्की बारिश भी संभव है। रविवार को एक मजबूत पश्चिमी विक्षोभ के चलते पूरे पंजाब में तेज आंधी-तूफान का असर देखने को मिलेगा। इस दौरान हवाएं 60 किमी/घंटा तक पहुंच सकती हैं और कई जिलों में बारिश के साथ बिजली गिरने की घटनाएं भी हो सकती हैं, जिससे फसलों को नुकसान का खतरा बना रहेगा।

# सिद्धू मूसेवाले का नया गाना जल्द रिलीज होगा, इंस्ट्राग्राम पर पोस्ट कर दी गई जानकारी

पंजाब/यूटर्न/26 मार्च। दिवंगत पंजाबी सिंगर सुखदीप सिंह सिद्धू मूसेवाला के फेंस के लिए एक गुड न्यूज है। बरोटा की सफलता के बाद जल्दी ही उनका एक और नया गाना जारी होने वाला है। इसकी



जानकारी सिद्धू मूसेवाला इंस्टाग्राम पेज पर दी गई। इंस्टाग्राम पर एक स्टोरी लगाई गई है और उस पर संदेश दिया गया है कि जल्दी ही नया गाना आने वाला है। इसके अलावा उसमें बरोटा को पसंद करने के लिए भी फेंस को धन्यवाद कहा गया है। सिद्धू मूसेवाला के नए गीत आने के संकते मिलते हुए उनके प्रशंसकों में भारी उत्साह है। इंस्टाग्राम पर 25 मार्च को यह स्टोरी शेयर की गई है। प्रशंसक अब उनके नए गाने का इंतजार कर रहे हैं। करीब तीन महीने पहले लांच हुआ बरोटा गीत ने नए रिकार्ड बना दिए हैं। यूट्यूब पर जहां इस गीत को 10 करोड़ से ज्यादा लोग देख चुके हैं, वहीं इस पर 1 करोड़ से ज्यादा लोग कमेंट भी कर चुके हैं। कमेंट के मामले में यह गाना दुनिया में दूसरे स्थान पर पहुंच गया है। सिद्धू मूसेवाला की मौत को मई में चार साल पूरे हो जाएंगे। उनकी मौत 29 मई 2022 को हुई थी। तब उनकी उम्र महज 28 साल थी। मौत से पहले भी उनके काफी प्रशसंक थे लेकिन मौत के बाद उनके प्रशंसकों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।

# नशा तस्करों पर बड़ी कार्रवाई..

डेराबस्सी/यूटर्न/26 मार्च। पंजाब सरकार और पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'युद्ध नशे विरुद्ध' अभियान के तहत मोहाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। जिले की पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर कार्रवाई करते हुए नशा तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस दौरान पुलिस ने भारी मात्रा में नशीली गोलियां भी बरामद की हैं। एसएसपी मोहाली हरमनदीप सिंह हंस ने बताया कि एसपी डेराबस्सी बिक्रमजीत सिंह बराड़ की निगरानी में विशेष पुलिस टीमें गठित की गई थीं। इन टीमों ने डेराबस्सी सब-डिवीजन के विभिन्न क्षेत्रों में सघन चेकिंग और पेट्रोलिंग अभियान चलाया। कार्रवाई के दौरान चार संदिग्ध व्यक्तियों को काबू किया गया, जिनके खिलाफ तीन अलग-अलग एफआईआर दर्ज की गई हैं। पुलिस के अनुसार पहला मामला डेराबस्सी, दूसरा लालडू और तीसरा थाना हंडेसरा में दर्ज किया गया है। सभी मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

# नगर निगम होशियारपुर ने 8961 लाख रुपए का वार्षिक बजट किया पारित

## शहर के विकास कार्यों को मिलेगी गति: मेयर सुरिंदर कुमार



दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/26 मार्च। मेयर सुरिंदर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर निगम होशियारपुर द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 8961.00 लाख रुपए का वार्षिक बजट पारित किया गया है। इस संबंध में हाउस की एक विशेष बैठक आयोजित की गई, जिसमें नगर निगम कमिश्नर ज्योति बाला मट्टू ने विशेष रूप से उपस्थित रही। इसके अलावा सीनियर डिप्टी मेयर परवीन लता सैनी, डिप्टी मेयर रणजीत चौधरी सहित विभिन्न पार्षद एवं निगम अधिकारी बैठक में मौजूद रहे। मेयर ने बताया कि बैठक के दौरान वर्ष 2026-27 में संभावित आय और व्यय पर विस्तृत चर्चा की गई। इस वर्ष नगर निगम को कुल 8961.00 लाख रुपए की आय होने का अनुमान है, जिसके तहत विभिन्न विकास कार्यों के लिए बजट निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि शहर में स्ट्रीट लाइटें लगाने एवं ट्यूबवेलों के रखरखाव के लिए 6 करोड़ रुपए, नई सड़कों के निर्माण के लिए 3 करोड़ रुपए, इंटरलॉकिंग टाइल वाली सड़कों के लिए 3 करोड़ रुपए, नाइट शेल्टर के निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपए तथा सीवरेज लाइनों के विस्तार के लिए 1 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा पार्कों के रखरखाव के लिए 15 लाख रुपए, गौशाला एवं आवारा पशुओं की देखभाल के लिए 60 लाख रुपए, सार्वजनिक शौचालयों के लिए 35 लाख रुपए तथा सफाई व्यवस्था को मजबूत करने हेतु मशीनरी खरीदने के लिए 1 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। मेयर सुरिंदर कुमार ने आगे कहा कि नगर निगम होशियारपुर शहरवासियों को 100 प्रतिशत बुनियादी सुविधाएं जैसे सड़कों, स्वच्छ पेयजल, स्ट्रीट लाइट, सीवरेज व्यवस्था एवं पार्कों की सुविधा प्रदान करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपनी जिम्मेदारी समझते हुए समय पर नगर निगम को अपने टैक्स एवं फीस जमा करवाएं, ताकि जनता के पैसे का उपयोग शहर के समग्र विकास और जनहित कार्यों में किया जा सके। इस अवसर पर संयुक्त कमिश्नर सतीश कुमार सैनी, सहायक कमिश्नर लखवीर सिंह, निगम इंजीनियर कुलदीप सिंह एवं हरप्रीत सिंह, डिप्टी कंट्रोलर वित्त एवं लेखा पंकज कपूर, लेखाकार राजिंदर कुमार भी मौजूद थे।

# माहिलपुर क्षेत्र में पिछले दो दिन से घट रही विभिन्न घटनाओं को लेकर लोगों में भय

## पुलिस द्वारा दिया जा रहा है आश्वासन जल्द आरोपी होंगे पुलिस ग्रिफत में




दलजीत अज्नोहा

होशियारपुर/यूटर्न/26 मार्च। पिछले दो दिनों से माहिलपुर और कोट फतूही क्षेत्र में घट रही चोरी,गोली चलने आदि की घटनाओं को लेकर आम लोगों में भय का माहुल बना हुआ है लोगों अपने घरों से से निकलने के लिए भी अपने आप को सुरक्षित नहीं समझ रहे बीते कल माहिलपुर के शहीदा रोड पर रेडीमेड कपड़े की दुकान पर बाद दुपहर करीब 3/30 बजे गोली चलने को घटना को लेकर लोगों में काफी दहशत पाई जा रही है और इसी तरह बीती शाम कस्बा कोट फतूही के राणा बेकर दुकान से गांव पचनंगल निवासी का अज्ञात चोरों ने मोटरसाइकिल चोरी कर लिया और इसी रात सी सी टी वी फुटेज मुताबिक कस्बा कोट फतूही के श्री कृष्ण ज्वेलर्स में रात्रि 1 बजे से 2 बजे के बीच लाखों रुपए के गहने चोरी कर लिए गए दुकान मालिक अनमोल कुमार मुताबिक बह फगवाड़ा रहते है और रोजाना फगवाड़ा से कोट फतूही अपनी दुकान पर आते है उन्होंने अपने दुकान की सुरक्षा के लिए कैमरे लगवा रखे है जो उनके फोन से भी अटैच है उन्हें प्रात: करीब 5/15 बजे किसी सफाई वाले का फोन गया जिस पर उसने कहा के आपकी दुकान का शटर टूटा है उन्होंने तुरंत अपने मोबाइल द्वारा दुकान के कैमरे चैक किए और दुकान के हालत को देखते हुए तुरंत अपने पड़ोसी दुकानदारों को तुरंत फोन पर इस घटना के बारे में सूचित किया और पुलिस को सूचना दी पुलिस सूचना मिलते ही जांच के लिए चौकी प्रभारी ए एस आई सुखविंदर सिंह के नेतृत्व में पहुंच गई।

# घरेलू विवाद के दौरान महिला पर हमले का आरोप, पति के खिलाफ केस दर्ज

-चरणजीत सिंह चन्न-

जगरांव/यूटर्न/26/मार्च। लुधियाना देहात पुलिस द्वारा साझा की गई क्राइम रिपोर्ट के अनुसार घरेलू विवाद के एक मामले में पति के खिलाफ हमले के आरोप में केस दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता महिला ने अपने बयान में बताया कि उसकी शादी करीब 25 वर्ष पहले सुखप्रीत सिंह निवासी भरोवाल कलां से हुई थी और उनके दो बच्चे हैं। महिला ने आरोप लगाया कि उसका पति अक्सर उसके साथ मारपीट करता था। शिकायत के अनुसार, 18 मार्च को शाम करीब 8:30 बजे उसका पति घर आया और उसकी बेटी प्रभजोत कौर के साथ गाली-गलौज करने लगा। जब महिला ने उसे रोकने की कोशिश की तो वह कुछ समय के लिए बाहर चला गया और बाद में कथित तौर पर एक धारदार वस्तु (कही) लेकर वापस आया। महिला के अनुसार, आरोपी ने पहले बेटी पर वार करने की कोशिश की और बीच-बचाव करने पर उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके नाक और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं। पुलिस ने शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि मामले की जांच जारी है और तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मनीमाजरा वार्ड नंबर-4 में सड़कों, का काम शुरू, डिप्टी मेयर सुमन शर्मा ने करवाया पेवर ब्लॉक बिछाने का शुभारंभ



चंडीगढ़/यूटर्न/26 मार्च। चंडीगढ़ के मनीमाजरा वार्ड नंबर-4 स्थित इंदिरा कॉलोनी में लंबे समय से टूटी और जर्जर सड़कों की समस्या को देखते हुए आज शहर की डिप्टी मेयर और क्षेत्रीय पार्षद सुमन शर्मा ने पेवर ब्लॉक लगाने के कार्य का शुभारंभ करवाया। पिछले काफी समय से कॉलोनी की सड़कों की हालत खराब होने के कारण स्थानीय लोग परेशान थे और बार-बार मरम्मत की मांग कर रहे थे। सड़कें टूटी होने के कारण आवाजाही में भी दिक्कत आ रही थी, जिससे लोगों में निराशा का माहौल बना हुआ था। स्थानीय निवासियों की मांग को ध्यान में रखते हुए आज नगर निगम की टीम की मौजूदगी में सड़कों पर पेवर ब्लॉक बिछाने का काम औपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया। इस दौरान निगम के अधिकारियों ने भी मौके पर पहुंचकर कार्य का निरीक्षण किया और लोगों को आश्वासन दिया कि काम जल्द और गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान नगर निगम के एसडीओ बलराज छिकारा सहित इंदिरा कॉलोनी के कई स्थानीय निवासी मौजूद रहे। इनमें राजकुमार सैनी, चंदन सिंह, सीमा, अनीता जायसवाल, रावत, कमल मोरिया, अमित बिरला, अनीता असवाल, ज्योति, विनोद शर्मा, सोनू शर्मा और राजीव गोदियाल सहित अन्य लोग शामिल थे। स्थानीय लोगों ने इस पहल के लिए डिप्टी मेयर का धन्यवाद करते हुए उम्मीद जताई कि सड़क बनने के बाद कॉलोनी में आवागमन की समस्या दूर हो जाएगी।

# भांखरपुर में घग्गर बांध की मरम्मत तेज, विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने किया निरीक्षण



डेराबस्सी/यूटर्न/26 मार्च। पिछले वर्ष हुई भारी बारिश के कारण क्षतिग्रस्त हुए घग्गर नदी के बांध की मरम्मत का कार्य भांखरपुर क्षेत्र में तेजी से जारी है। पंजाब सरकार की ओर से लोगों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस कार्य को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाया जा रहा है। मरम्मत कार्य के तहत पत्थरों से बांध को मजबूत किया जा रहा है, ताकि भविष्य में बाढ़ जैसी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जा सके। इस दौरान हल्का विधायक कुलजीत सिंह रंधावा ने मौके पर पहुंचकर चल रहे कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने पंचायत प्रतिनिधियों और संबंधित विभाग के अधिकारियों से बातचीत कर काम की प्रगति और व्यवस्थाओं की जानकारी ली। विधायक रंधावा ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मरम्मत कार्य को तय समय सीमा में और उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार लोगों की जान-माल की सुरक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और इस कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के लिए कहा कि बांध की मजबूती के लिए इस्तेमाल हो रही सामग्री उच्च स्तर की हो, ताकि यह लंबे समय तक सुरक्षित बना रहे। इस अवसर पर गांव की पंचायत और स्थानीय लोगों ने सरकार तथा विधायक का आभार जताया। उन्होंने कहा कि समय रहते शुरू किए गए इस कार्य से उन्हें बड़ी राहत मिली है और वे खुद को अधिक सुरक्षित महसूस कर रहे हैं। स्थानीय निवासियों ने उम्मीद जताई कि बांध की मरम्मत पूरी होने के बाद आने वाले मानसून के दौरान क्षेत्र किसी भी संभावित खतरे का सामना करने के लिए पूरी तरह तैयार रहेगा।

Uturn Time 27 Mar 2026_Layout 2 26-03-2026 22:27 Page 11



# बठिंडा में ट्रेन की चपेट में आया युवक, मौतः 7 साल पहले पत्नी से हो चुका तलाक



पंजाब/यूटर्न/26 मार्च।बठिंडा में एनएफएल फैक्ट्री के समीप ट्रेन की चपेट में आने से 33 वर्ष युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही समाजसेवी संस्था नौजवान वेलफेयर सोसाइटी बठिंडा के वालंटियर गौतम शर्मा, अतुल जैन और सुमित माहेश्वरी मौके पर पहुंचे और जीआरपी पुलिस को बुलाया। मृतक युवक के पास से कोई दस्तावेज नहीं मिला। हालांकि, संस्था ने अपने नेटवर्क को संपर्क किया तो कुछ ही देर में युवक की पहचान रवि कुमार (33 वर्ष) निवासी जोगी नगर के तौर पर हुई। परिजनों के अनुसार रवि की शादी हुई थी, लेकिन कुछ समय बाद उसका तलाक हो गया था। वह गाड़ियों में माल भराई का काम करता था। थाना जीआरपी अधिकारी गुरपाल सिंह ने बताया रवि घटना स्थल के पास कुछ ही दूरी पर एक किराए के मकान में रहता था। उसके माता-पिता का पहले ही निधन हो चुका है। फिलहाल मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस ने मृतक के परिजनों के बयानों के आधार पर धारा 194 बी एनएसएस के तहत कार्रवाई की है और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# अमृतसर में 5 बच्चों के कॉक्लियर इम्प्लांट ऑपरेशनः अब आसानी से दूसरों की बात सुन सकेंगे





अमृतसर/यूटर्न/26 मार्च। अमृतसर के गुरु नानक देव अस्पताल में बच्चों के लिए उम्मीद की नई किरण सामने आई है। मुख्यमंत्री श्रवण आशीर्वाद योजना के तहत यहां 5 बच्चों के सफल कोक्लियर इम्प्लांट ऑपरेशन किए गए, जिससे वे अब सुनने लगे हैं।

डॉक्टरों के अनुसार, सभी बच्चों ने ऑपरेशन के बाद सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है, हालांकि बोलने की क्षमता विकसित करने के लिए उन्हें विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। डॉ. गुरबख्श सिंह ने बताया कि बच्चों के सामान्य विकास में 1 से 3-4 साल लग सकते हैं, लेकिन समय पर इलाज से वे सामान्य जीवन जी सकते हैं। इस योजना के तहत महंगा इलाज पूरी तरह मुफ्त किया जा रहा है, जबकि निजी अस्पतालों में इसका खर्च लाखों तक होता है। डॉक्टरों ने अभिभावकों से अपील की है कि यदि बच्चे को सुनने में दिक्कत हो तो तुरंत जांच कराएं, ताकि समय रहते इलाज संभव हो सके।

# अमृतसर में लवमैरिज करने पर घर में तोड़फोड़ः लड़के के पिता ने पैरों में रखी अपनी पगड़ी, नहीं माने लड़की वाले



अमृतसर/यूटर्न/26 मार्च। अमृतसर जिले के अजनाला क्षेत्र के गांव तेड़ी में प्रेम विवाह को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हिंसा तक पहुंच गया। आरोप है कि लड़की के परिवार वालों ने गुस्से में आकर लड़के के घर में घुसकर जमकर तोड़फोड़ की। पीड़ित पक्ष के अनुसार, गांव निवासी सुलखन के बेटे करन और साक्षी ने अपनी मर्जी से शादी की थी, जिसका लड़की के परिवार ने विरोध किया। सुलखन का कहना है कि शादी के बाद वह लड़की के परिवार को मनाने भी गया और सम्मान स्वरूप अपनी पगड़ी उनके चरणों में रखी, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद परिवार डर के कारण घर को ताला लगाकर बाहर चला गया। इसी दौरान आरोप है कि लड़की पक्ष के लोगों ने घर में घुसकर लाखों रुपये का नुकसान किया और यहां तक कि घर में रखे कबूतरों को भी मार दिया। दूसरी ओर, लड़की के परिवार ने इन आरोपों को पूरी तरह खारिज किया है। उनका कहना है कि करन उनकी बेटी को शादी से दो दिन पहले भगा ले गया था, जिससे उनकी पहले से तय शादी प्रभावित हुई। उन्होंने यह भी कहा कि उन्होंने किसी तरह की तोड़फोड़ नहीं की और उनके खिलाफ लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि दोनों पक्षों के बयानों के आधार पर सभी पहलुओं की गहन जांच की जा रही है और जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# जालंधर में बेकाबू होकर पलटी ट्रैक्टर- ट्राली: सड़क पर बिखरे आलू, तेज मोड़ के कारण हुआ हादसा



जालंधर/यूटर्न/26 मार्च। जालंधर के पीएपी चौक के पास उस समय अफरा-तफरी मच गई जब आलू से भरी एक ट्राली अचानक बेकाबू होकर सड़क पर पलट गई। यह ट्राली करतारपुर से कादियां की ओर जा रही थी और जैसे ही पीएपी चौक के पास पहुंची, तेज मोड़ लेते समय संतुलन बिगड़ गया। भारी लोड के कारण चालक ट्राली पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिससे वह बीच सड़क पर पलट गई। गनीमत यह रही कि ट्राली में सवार दोनों युवक—मनविंदर और हैप्पी (हैरी)—इस हादसे में पूरी तरह सुरक्षित रहे और उन्हें कोई गंभीर चोट नहीं आई। व्यस्त इलाके में यह घटना होने के बावजूद किसी अन्य वाहन के इसकी चपेट में न आने से बड़ा हादसा टल गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। एएसआई करनैल सिंह और हेड कॉन्स्टेबल अनिल कुमार ने तुरंत हालात संभाले और सड़क पर बिखरे आलुओं के कारण प्रभावित यातायात को सुचारू कराया। पुलिस की तत्परता से स्थिति जल्द नियंत्रण में आ गई। हादसे के बाद ट्राली चालकों ने अपने मालिक हरजाप सिंह संघा को सूचना दी। दूसरी ट्राली मौके पर मंगवाई गई, जिसमें बिखरे आलुओं को दोबारा लोड किया जा रहा है। पुलिस प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि रास्ता जल्द साफ हो और सामान सुरक्षित तरीके से अपने गंतव्य तक पहुंच सके।




Uturn Time 27 Mar 2026_Layout 2 26-03-2026 22:27 Page 12



# मनीमाजरा में बढ़ते अपराध पर भड़की वेल्फेयर एसोसिएशन, थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मार्च। मनीमाजरा क्षेत्र में लगातार बढ़ रही चोरी, छीना-झपटी और नशे की गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए आज ऑल मनीमाजरा वेल्फेयर एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधान एस.एस. परवाना के नेतृत्व में मनीमाजरा थाना प्रभारी इंस्पेक्टर सरदार मनिंदर सिंह से मिलकर एक ज्ञापन सोंपा। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहरी चिंता व्यक्त की और पुलिस प्रशासन से ठोस कदम उठाने की मांग की।



## प्रतिनिधिमंडल में शामिल सदस्य

इस अवसर पर एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुभाष धीमान, महासचिव राजबीर सिंह भारतीय, समाजसेवी राजीव ढींगरा, हरिकेश वर्मा, सुनील जयसवाल, घनश्याम सिंहानिया, ममता राजपूत, रूपाली, बाबू लाल, नरेन्द्र सिंह, बबीता रानी एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## मुख्य समस्याएं और संवेदनशील इलाके

प्रतिनिधिमंडल ने थाना प्रभारी को अवगत कराया कि मनीमाजरा के विभिन्न हिस्सों में असामाजिक तत्वों का जमावड़ा बढ़ गया है।

## विशेष रूप से निम्नलिखित मुद्दे उठाए गए:

**वाहनों में तोड़फोड़:** RIMT स्कूल और शिवालिक गार्डन के नजदीक खड़ी गाड़ियों के पिछले दिनों शीशे तोड़े गए और वाहनों को नुकसान पहुँचाया गया। ये वारदात आए दिन असमाजिक तत्व अंजाम दे रहे हैं।

**नशा और छीना-झपटी:** क्षेत्र में बढ़ती नशे की घटनाओं के कारण चोरी और राहजनी का डर बना रहता है।

रात के समय अंधेरे और सुनसान जगहों पर महिलाओं के साथ अप्रिय घटना होने की आशंका बनी रहती है।

एसोसिएशन ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि मनीमाजरा की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए तुरंत प्रभाव से निम्नलिखित कार्य किए जाएं: संवेदनशील इलाकों में पुलिस बीट बॉक्स स्थापित किए जाएं।क्षेत्र में पुलिसकर्मियों की संख्या बढ़ाई जाए ताकि गश्त तेज हो सके।शिवालिक गार्डन और स्कूलों के आसपास रात के समय पीसीआर की तैनाती और गश्त को और अधिक प्रभावी बनाया जाए।

# हिरासत में मौतों से पंजाब चिंताजनक स्थिति में; 74 दिनों में 14 मामले आए सामने

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मार्च। पंजाब में हिरासत (कस्टोडियल) मौतों के मामलों में इस साल की शुरूआत से ही तेज बढ़ोतरी ने चिंता बढ़ा दी है। गृह मंत्रालय (एमएचए) की ओर से संसद में साझा किए गए आंकड़ों के मुताबिक, 1 जनवरी 2026 से 15 मार्च 2026 तक देशभर में हुई 170 कस्टोडियल मौतों में से 14 मामले अकेले पंजाब से सामने आए हैं। यह कुल मामलों का 8.23 प्रतिशत है, जो राज्य की स्थिति को गंभीर बनाता है।

ये आंकड़े राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) से प्राप्त राज्यवार जानकारी पर आधारित हैं, जिन्हें संसद में पेश किया गया। आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में पंजाब अपने पड़ोसी राज्यों की तुलना में भी अधिक मामलों के साथ सामने आया है। हरियाणा में 10, हिमाचल प्रदेश में 1, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में एक भी मामला दर्ज नहीं हुआ, जबकि दिल्ली में 4 और राजस्थान में 18 मामले सामने आए हैं।

## आंकड़े चौकाने वाले

अगर पिछले वर्षों के आंकड़ों पर नजर डालें तो पंजाब में कस्टोडियल मौतों का ग्राफ उतार-चढ़ाव के बावजूद चिंता पैदा करता है। एनएचआरसी के अनुसार, 2021-22 में 9, 2022-23 में 10, जबकि 2023-24 और 2024-25 में 6-6 मामले



दर्ज किए गए थे। वहीं हरियाणा में 2021-22 में 4, 2022-23 में 3, 2023-24 में 7 और 2024-25 में 4 मामले सामने आए। देशभर के आंकड़ों की बात करें तो 2024-25 में 37 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 140 कस्टोडियल मौतों के मामले दर्ज किए गए। इससे पहले 2023-24 में 157, 2022-23 में 163 और 2021-22 में 176 मामले दर्ज किए गए थे। हालांकि, 2026 के शुरूआती 74 दिनों के आंकड़े फिर से बढ़ोतरी का संकेत दे रहे हैं।

## चौथे नंबर पर पंजाब

राज्यों के स्तर पर इस साल अब तक बिहार 19 मामलों के साथ सबसे ऊपर है। इसके बाद राजस्थान में 18 और उत्तर प्रदेश में 15 मामले दर्ज किए गए हैं। पंजाब, गुजरात और महाराष्ट्र में 14-14 मामले सामने आए हैं। गृह मंत्रालय और एनएचआरसी समय-समय पर मानवाधिकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए दिशा-निर्देश जारी करते रहते हैं।

# ईरान ने युद्ध में अमेरिका के 16 विमान नष्ट किये, रडार सुरक्षा व्यवस्था ध्वस्त

चंडीगढ़/यूटर्न/26 मार्च। जैसे-जैसे अमेरिका-इजरायल-ईरान युद्ध अपने पहले महीने के करीब पहुंच रहा है, अमेरिकी हवाई नुकसान बढ़ता जा रहा है। इस संघर्ष के दौरान, अमेरिका ने कम से कम 16 विमान खो दिए हैं, और कई अन्य क्षतिग्रस्त हो गए हैं; साथ ही, प्रमुख रडार ठिकानों को भी निशाना बनाया गया है। यहाँ वह सब कुछ है जो हमें पता है। 28 फरवरी से लेकर इस खबर के लिखे जाने तक, अमेरिका ने कम से कम 16 सैन्य विमान खो दिए हैं। हाल ही में, गुरुवार को, ईरान ने दावा किया कि उसने वरअऋ्रके एक ऋ अ-18 लड़ाकू विमान को मार गिराया है, हालाँकि पेंटागन ने इस विशेष दावे को खारिज कर दिया है। एक दर्जन से अधिक विमानों का यह नुकसान, लीबिया और इराक के खिलाफ पिछले बड़े पैमाने के हवाई अभियानों में अमेरिका को हुए नुकसान से कहीं अधिक है। हालाँकि, ध्यान देने वाली बात यह है कि ऐसा इसलिए हो सकता है क्योंकि अमेरिका पिछले किसी भी अभियान की तुलना में कहीं अधिक हवाई हमले कर रहा है, जैसा कि एक विशेषज्ञ ने ब्लूमबर्ग को बताया।



## जमीनी हमले की चपेट में आया F-35

लॉकहीड मार्टिन F-35 लाइटनिंग क्क्र अमेरिका का एक सिंगल-सीट, सिंगल-इंजन, सुपरसोनिक स्टील्थ लड़ाकू विमानों का परिवार है। अब तक निर्मित सबसे उन्नत और महंगे युद्धक विमानों में से एक, लाइटनिंग—जिसकी एक यूनिट की कीमत 120 मिलियन डॉलर तक हो सकती है, को अब तक लगभग अजेय युद्ध मशीन के रूप में प्रचारित किया जाता रहा है; यह किसी भी विरोधी को मार गिराने में सक्षम है और साथ ही, इसे पकड़ पाना भी लगभग असंभव है। हालाँकि, इस धारणा को एक बड़ा झटका लगा है। 19 मार्च को, अनाम सूत्रों के हवाले से यह खबर आई कि वरअऋ्रके एक ऋ-35 विमान को मध्य पूर्व में स्थित एक अमेरिकी हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। माना जा रहा है कि यह विमान ईरानी हमले की चपेट में आ गया था।

## सेंट्रल कमांड ने की पुष्टि

इस आपातकालीन लैंडिंग की पुष्टि बाद में अमेरिका की सेंट्रल कमांड (उएठळउडट) ने की। कमांड के प्रवक्ता, कैप्टन टिम हॉकिन्स ने बताया कि पाँचवीं पीढ़ी का यह स्टील्थ जेट ₹ईरान के ऊपर एक लड़ाकू मिशन पर था,₹ जब उसे आपातकालीन लैंडिंग करनी पड़ी। हॉकिन्स ने आगे कहा, ₹विमान सुरक्षित रूप से उतर गया है, और पायलट की हालत स्थिर है। उन्होंने यह भी कहा, इस घटना की जाँच की जा रही है।₹ हालांकि वर ने अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं की है कि ऋ-35 को हुआ नुकसान ईरानी जमीनी हमले की वजह से है या नहीं, लेकिन ब्लूमबर्ग ने रिपोर्ट किया है कि इसका सबसे संभावित कारण ईरान द्वारा संचालित इन्फ्रारेड-गाइडेड 358 सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल बैटरी थी, जिसमें एक छोटा, मोबाइल लॉन्चर होता है।

## वर ने अपना 'उड़ने वाला पेट्रोल पंप' खो दिया: KC-135 एरियल रिफ्यूलर

KC-135 स्ट्रैटोटैंकर एक अमेरिकी हवा से हवा में ईंधन भरने वाला विमान है, जिसे कमर्शियल बोइंग 707 विमान से विकसित किया गया था और यह पहली बार 1957 में सेवा में आया था। हर लिहाज से, यह एक 'उड़ने वाला पेट्रोल पंप' है जिसे अन्य वर युद्धक विमानों की मारक क्षमता बढ़ाने के लिए डिजाइन किया गया है; स्ट्रैटोटैंकर का सैन्य सेवा का एक लंबा इतिहास रहा है, जो वियतनाम युद्ध के समय से चला आ रहा है। ध्यान दें, 1965 के बाद से कोई भी नया ङउ-135 विमान नहीं बनाया गया है। ईरान में चल रहे युद्ध के दौरान, कम से कम एक स्ट्रैटोटैंकर विमान 12 मार्च को पश्चिमी इराक में दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिसमें विमान में सवार सभी छह क्रू सदस्यों की मौत हो गई।

## 'फ्रेंडली फायर' में तीन F-15 विमान नष्ट हो गए

मैकडॉनेल डगलस F-15 ईगल एक अमेरिकी दो-इंजन वाला लड़ाकू विमान है, जो हवा में वर्चस्व स्थापित करने और जमीनी हमले करने, दोनों ही भूमिकाओं को निभाने में सक्षम है। 1970 के दशक में ट्ट-25 जैसे सोवियत जेट विमानों के खतरे का मुकाबला करने के लिए डिजाइन किया गया ऋ-15 विमान, जो 1976 में सेवा में आया था और जिसके नवीनतम ए संस्करण की कीमत $100 मिलियन प्रति यूनिट तक है, अपने जमाने के सबसे सफल जेट विमानों में से एक माना जाता है। हवा से हवा में होने वाली लड़ाइयों में इसका रिकॉर्ड लगभग बेदाग रहा है, लेकिन इसके बावजूद, इनमें से कुछ विमान नष्ट हो गए।

## ईरान के ऊपर लगभग एक दर्जन टद-9 ड्रोन नष्ट

General Atomics MQ-9 Reaper (जिसे Predator भी कहा जाता है) एक मध्यम-ऊंचाई वाला, लंबी दूरी तक उड़ने वाला मानवरहित हवाई वाहन (UAV) है, जिसने पहली बार 2007 में सेवा शुरू की थी। अन्य UAVs के विपरीत—जैसे कि ईरानी Shahed, जिनका उपयोग एकतरफा Kamikaze ड्रोन के रूप में किया जाता है—Reaper का उपयोग मुख्य रूप से टोही (reconnaissance) के लिए, और साथ ही अपनी Hellfire मिसाइलों की मदद से जमीनी लक्ष्यों पर हमला करने के लिए किया जाता है। सूत्रों के अनुसार, ईरान के खिलाफ युद्ध के दौरान लड़ाई में कम से कम एक दर्जन टद-9 ड्रोन नष्ट हो गए हैं।

Owner, Publisher, Printer: - Komal Sharma, Printed by DB Corp LTD VPO Hamira, Distt Kapurthala-144601 (PB), Published by: House No 68, New Sarabha Nagar, VPO Daad, Ludhiana (PB) - 142022, Editor: Sandeep Sharma
तमाम प्रकाशित सामग्री के चयन व संपादन हेतु आरबीएक्ट के तहत जिम्मेवार।
Contact - +91 9814295372